मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025
संवत 2082, वैशाख कृष्ण 12 - मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 229 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ विकसित भारत की नींव में गांव और युवाओं की भूमिका
नेपोकिड्स पर नुसरत ने साधा निशाना ◀◀ 6


# पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए मनीष रंजन का शव रांची लाया गया

● बाबूलाल समेत अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि ● झालदा में होगा अंतिम संस्कार ● माता-पिता को वैष्णो देवी दर्शन कराने की मनीष रंजन की इच्छा रह गई अधूरी, पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल

**संवाददाता**





**रांची:** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए सूचना ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी मनीष रंजन का पार्थिव शरीर आज यानी गुरुवार की सुबह रांची हवाई अड्डे लाया गया। रांची एयरपोर्ट पहुंचते ही सभी की आंखें नम हो गई। इस दौरान उनका पूरा परिवार भी मौजूद रहा। उनकी पत्नी और बच्चे बेसुध पड़े रहे। एयरपोर्ट पर पूरा माहौल गमगीन रहा।

बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलिः भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड इकाई के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर रंजन को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने उनके परिवार से मुलाकात की और उनको ढाढस बंधाया। उन्होंने कहा कि जल्द आतंकियों को मार गिराया जाएगा। वहीं, हवाई अड्डे से उनका पार्थिव शरीर सड़क मार्ग से पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के झालदा स्थित उनके पैतृक स्थान ले जाया गया। बता दें कि मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में बिहार के आईबी अफसर मनीष रंजन की मौत हो गई। वह आईबी में सेक्शन ऑफिसर' थे और हैदराबाद में तैनात थे। वह अपने परिवार के साथ छुट्टियां मनाने कश्मीर गए थे। तभी यह क्रूर हमला हुआ जिसमें मनीष की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, उनके परिवार के अन्य सदस्य इस हमले में बाल-बाल बच गए। मनीष पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के झालदा नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 के निवासी थे। जैसे ही उनकी शहादत की खबर उनके पैतृक नगर पहुंची, वहां मातम पसर गया और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोग मनीष को एक शांत और सहयोगी स्वभाव के इंसान के रूप में याद कर रहे हैं। बोकारो से उनके करीब संजीव कुमार गुप्ता जिन्होंने बचपन से मनीष रंजन को देखा था ने बताया कि बहुत ही मेधावी छात्र थे। हमेशा अव्वल आते थे। हाल में बातचीत हुई थी और बताया था कि मां-पिता को वैष्णों देवी लेकर जाने वाले हैं। मनीष रंजन के पिता झालदा में एक स्कूल में हेडमास्टर के पद से रिटायर हुए हैं। बेटे की मौत से सदमे में थे उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि इस समस्या का स्थाई समाधान होना चाहिए। मनीष रंजन 5 साल रांची के आईबी यूनिट में भी कार्यरत रहे थे। रांची में साल 2017 से 22 तक वो बतौर सेक्शन अफसर तैनात थे। इसके बाद उनकी पोस्टिंग हैदराबाद आईबी में हुई थी। मनीष के पिता पश्चिम बंगाल में शिक्षक थे, इसलिए पूरा परिवार झालदा में रहता है।

पहलगाम आतंकी हमला

## लश्कर के चार ओवरग्राउंड वर्कर गिरफ्तार

पुंछ-अनंतनाग और ऊधमपुर में मुठभेड़ जारीकिट स्पॉन्सर





**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार, 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से सेना के जवान अलर्ट मोड पर हैं। सेना के जवान आतंकियों को पकड़ने के लिए बड़े पैमाने पर सर्च अभियान चला रहे हैं। पहलगाम आतंकी हमले में शामिल 5 आतंकियों की पहचान हो गई है, जिसमें 3 पाकिस्तानी और 2 कश्मीरी नागरिक शामिल है। बांडीपोर में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर पकड़े हैं। फिलहाल भारतीय सेना द्वारा जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुंछ-अनंतनाग और ऊधमपुर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया है और मुठभेड़ जारी है।

गुरुवार को भारतीय सेना ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए पुंछ के लसाना वन क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) के साथ संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया है। पुलिस और एसओजी के जवान जंगलों और पहाड़ों पर आतंकियों को ढूंढ रहे हैं।

पहलगाम आतंकी हमले में शामिल 5 आतंकियों के बारे में जानकारी देने वाले को 20 लाख का इनाम देने का भी एलान किया गया है। बता दें कि उत्तरी कश्मीर के जिला बांडीपोर में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर पकड़े हैं। इनके पास से भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद बरामद किया गया है। वहीं, जम्मू प्रांत में जिला ऊधमपुर के अंतर्गत बसंतगढ़ इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की सूचना है।

अनंतनाग जिले के कोकरनाग में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों में एक मुठभेड़ हुई। अलबतता, देर रात गए तक इसमें किसी आतंकी के मारे जाने की कोई सूचना नहीं थी। जानकारी के अनुसार, सुरक्षाबलों ने कोकरनाग के पास टंगमर्ग गांव में आतकियों के छिपे होने की सूचना पर तलाशी अभियान चलाया गया है। बाहरी छोर पर सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर लिया।

आतंकियों ने घेराबंदी तोड़ भागने के लिए जवानों पर फायरिंग की। जवानों ने भी जवाबी फायर किया। दोनों तरफ से करीब 20 मिनट तक गोलियां चलीं। सूत्रों ने बताया कि जिस इलाके में यह मुठभेड़ हुई है, वह इलाका जंगल के साथ सटा हुआ है। वहां एक बाग भी है। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर रखा है ताकि आतंकी भाग न सकें।

## पाकिस्तान पर भारत का एक और एक्शन, एक्स अकाउंट किया सस्पेंड



**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच बढ़े तनाव के बीच भारत में पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स ( ) अकाउंट को बंद (सस्पेंड) कर दिया गया है। यह कदम सिंधु जल संधि को निलंबित करने और वरिष्ठ पाकिस्तानी राजनयिक कर्मचारियों को निष्कासित के बाद उठाया गया है। यह फैसला पीएम मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक के एक दिन बाद आया है। यह बैठक पहलगाम में 23 अप्रैल को हुए हमले पर भारत की प्रतिक्रिया निर्धारित करने के लिए बुलाई गई थी। इससे पहले बुधवार शाम को एक प्रेस वार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि भारत में पाकिस्तानी उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 55 से घटाकर 30 किया जाएगा। भारत ने नई दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग से सभी रक्षा, नौसेना और वायु सलाहकारों को भी निष्कासित कर दिया है। इन व्यक्तियों को अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है और उन्हें एक सप्ताह के भीतर देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है। इसी तरह, भारत इस्लामाबाद स्थित अपने उच्चायोग से अपने सैन्य सलाहकारों को वापस बुलाएगा। दोनों मिशनों में सेवा सलाहकारों को सौंपे गए पांच सहायक कर्मचारियों को भी वापस बुलाया जाएगा।

भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सार्क वीजा छूट योजना को भी निलंबित कर दिया है। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं। सीसीएस ने अटारी में एकीकृत चेक पोस्ट को तत्काल बंद करने का भी आदेश दिया, जो भारत और पाकिस्तान के बीच एकमात्र चालू भूमि सीमा क्रॉसिंग है। वैध दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेश करने वाले पाकिस्तानी नागरिक 1 मई की समय सीमा से पहले वापस लौट सकते हैं।

छत्तीसगढ़ में निर्णायक जंग

## 5 हजार सुरक्षाबलों ने 300 नक्सलियों को घेरा, अब तक पांच ढेर

हिड़मा-देवा जैसे टॉप कमांडर निशाने पर



**सुकमा :** छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र बॉर्डर पर नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा और निर्णायक ऑपरेशन जारी है। बीते 16 घंटों से चल रही इस कार्रवाई में सुरक्षाबलों ने 300 से अधिक नक्सलियों को करेंगट्टा, नडपल्ली और पुजारी कांकेर की पहाड़ियों पर घेर लिया है। इस ऑपरेशन में हिड़मा, देवा और दामोदर जैसे कुख्यात नक्सली कमांडर सुरक्षाबलों के निशाने पर हैं। करीब 5,000 जवान ऑपरेशन में लगे हुए हैं और लगातार फायरिंग जारी है। सुरक्षाबलों ने अब तक पांच नक्सलियों को मार गिराया है।

आईईडी से किया गया जाल, ड्रोन से निगरानीः बीजापुर जिले से मिली जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने इलाके में 100 से ज्यादा आईईडी बिछाए हैं। सुरक्षाबलों की ओर से पहले डी-माइनिंग की कार्रवाई की जा रही है। करेंगट्टा की पहाड़ियों पर ड्रोन और सेटेलाइट के माध्यम से लगातार निगरानी रखी जा रही है। सीआरपीएफ, डीआरजी, एसटीएफ कोबरा, ग्रेहाउंड और सी-60 जैसे विशेष बल संयुक्त रूप से ऑपरेशन में भाग ले रहे हैं। हिड़मा, देवा और दामोदर, ये तीनों कमांडर पूर्वती गांव से संबंध रखते हैं, जो पहले नक्सल रसद का बड़ा अड्डा हुआ करता था। लेकिन अब सुरक्षाबलों की उपस्थिति के कारण नक्सलियों की रसद आपूर्ति लगभग ठप हो गई है। वेंकटपुरम, पुजारी कांकेर और नम्बी जैसे इलाकों में सुरक्षा चक्र मजबूत कर दिया गया है, जिससे नक्सलियों के लिए रास्ते सीमित हो गए हैं।

### सीमा पर बढ़ा तनाव : पाकिस्तान ने किया मिसाइल टेस्ट करने का एलान, अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां



**नई दिल्ली:** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 नागरिकों की मौत के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। अब भारत की प्रतिक्रिया के 24 घंटे के भीतर पाकिस्तान ने सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण करने की घोषणा कर दी है। इस कदम के बाद दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है।

## उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक जवान शहीद, गोलीबारी जारी



**उधमपुर :** जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान तेज हो गया है। गुरुवार को उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई, जिसमें सेना का एक जवान शहीद हो गया है।

मिली खुफिया जानकारी के आधार पर जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना ने संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया। यह मुठभेड़ डूडू क्षेत्र में चल रही है, जहां दोनों ओर से भारी गोलीबारी हो रही है और सुरक्षाबलों ने आतंकियों को चारों ओर से घेर लिया है। ऑपरेशन फिलहाल जारी है।

गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद से जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों की सक्रियता बढ़ गई है। बीते 24 घंटे में यह तीसरी बड़ी मुठभेड़ है। इससे पहले, कुलगाम और बारामूला में भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

23 अप्रैल को बारामूला में नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई, जिसमें दो आतंकियों को मार गिराया गया। उनके पास से एके-सीरीज राइफलें, एक चीनी पिस्टल, 10 किलो आईईडी और अन्य हथियार बरामद किए गए। सुरक्षाबलों का मानना है कि ये आतंकी घाटी में किसी बड़ी वारदात की फिराक में थे।

लगातार मुठभेड़ों और आतंकी हमलों के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन्स चलाए जा रहे हैं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

पीएम मोदी ने भाषण से पहले की प्रार्थना, पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को दी श्रद्धांजलि, कहा-

# आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे

बिहार को दी करोड़ों की सौगात, पहली नमो भारत ट्रेन की शुरूआत




**पटना:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार में है। बिहार में उन्होंने विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। हालांकि, पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम था। उन्होंने अपने संबोधन की शुरूआत करते हुए वहां मौजूद लोगों से पहलगाम आतंकी हमले में जान गवांने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने की अपील की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने अपने दोनों हाथ जोड़ रखे थे। मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से आतंकवादियों ने मारा है, उससे पूरा देश गुस्से में है। पीड़ित परिवारों के साथ पूरा देश खड़ा है।

मोदी ने कहा इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई खोया, किसी ने अपना जीवनसाथी खोया है। कोई बांग्ला बोलता था, कोई मराठी था, कोई गुजराती था, कोई ओड़िया था, कोई बिहार का लाल था। आज सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक दुख और आक्रोश एक जैसा है। उन्होंने कहा कि हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकवादियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, सजा मिल कर रहेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति आतंकवादियों की कमर तोड़ कर रहेगी। इसके बाद मोदी ने कहा कि आज पंचायती राज दिवस के मौके पर पूरा देश मिथिला से, बिहार से जुड़ा है। आज यहां देश के, बिहार के विकास से जुड़े हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। बिजली, रेल, इंफ्रास्ट्रक्चर के इन विभिन्न कार्यों से बिहार में रोजगार के नए मौके बनेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार वो धरती है, जहां से पूज्य बापू ने सत्याग्रह के मंत्र का विस्तार किया था। पूज्य बापू के दृढ़ विश्वास था कि जब तक भारत के गांव मजबूत नहीं होंगे, तब तक भारत का तेज विकास नहीं हो पाएगा। देश में पंचायती राज की परिकल्पना के पीछे यही भावना है। उन्होंने कहा कि बीते दशक में पंचायतों को सशक्त करने के लिए एक के बाद एक कदम उठाए गए हैं। टेक्नोलॉजी के माध्यम से भी पंचायतों को मजबूत किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते दशक में 2 लाख से ज्यादा ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया। 5.50 लाख से ज्यादा कॉमन सर्विस सेंटर गांवों में बने हैं। पंचायतों के डिजिटल होने से एक और फायदा हुआ है। अब जीवन/मृत्यु प्रमाण पत्र, भूमि धारण प्रमाण पत्र जैसे कई दस्तावेज आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के अनेक दशकों बाद जहां देश को संसद की नई ईमारत मिली, वहीं देश में 30 हजार नए पंचायत भवन भी बनाए गए। पंचायतों को पर्याप्त फंड मिले, ये भी सरकार की प्राथमिकता रही है। बीते 10 साल में 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का फंड पंचायतों को मिला है। ये सारा पैसा गांवों के विकास में लगा है।

न्यूज IN ब्रीफ



## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में मनायी गयी वीर कुंवर सिंह की जयंती

**पिपरवार:** कोयलांचल क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में बुधवार को वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक योगेंद्र ठाकुर ने वीर कुंवर सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।मौके पर विद्यालय के शिक्षक योगेंद्र ठाकुर ने वीर कुंवर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह जिन्हें बाबू कुंवर सिंह कहा जाता है।इनका जन्म बिहार के भोजपुर जिला जगदीशपुर नामक गांव में 13 नवम्बर 1777 ई को हुआ था।इन्होंने 1857 के विद्रोह में भाग लिया था।बड़े ही हिम्मत और साहस के साथ अंग्रेजों को धूल चटाई थी।वीर कुंवर सिंह जी इतने वीर योद्धा थे कि 80 वर्ष के उम्र में भी यह युद्ध करने तथा विजय प्राप्त करने के लिए जाने जाते थे। 23 अप्रैल के दिन उन्होंने अंग्रेजों को जगदीशपुर से भगाकर विजय प्राप्त किया था। इसी कारण आज के दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनकी मृत्यु 26 अप्रैल 1858 में हुआ था।उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमलोग को कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए और अपने जीवन में सफलता प्राप्ति के लिए तत्पर रहना चाहिए। वर्तमान मे उनके दिखाएं मार्ग पर चलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करने की जरूरत है।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एंव बच्चे मौजूद थे।

## सामाजिक अंकेक्षण दल ने पंचायत सचिव,रोजगार सेवक,व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**गिद्धौर (चतरा):** प्रखंड मुख्यालय के पंचायत भवन में बुधवार को सामाजिक अंकेक्षण दल ने मुखिया,पंचायत सचिव, रोजगार सेवक,वार्ड सदस्य एवं ग्रामीणों के साथ बैठक किया।यह बैठक सामाजिक अंकेक्षण दल के कार्यकर्ता अंकित कुमार यादव,रविंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में किया।इस दौरान उन्होंने बताया कि सामाजिक अंकेक्षण के तहत बीते 22 अप्रैल से आगामी 28 अप्रैल तक पंचायत में विकास की योजनाओं की समीक्षा करेंगे।पंचायत के विभिन्न गांवों में बैठक कर मनरेगा योजनाओं से संचालित योजनाओं का स्थल का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया जाएगा। बैठक में मुखिया पंचायत सचिव दिगंबर पांडे, रोजगार सेवक सत्येंद्र कुमार वर्मा, वार्ड सदस्य कैलाश दांगी,स्वयंसेवक मुनेश्वर दांगी,उपेंद्र दांगी,मुकेश दांगी समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## पहलगाम आतंकी हमले में झालदा के एक व्यक्ति की मौत



**मुरी:** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए व्यक्ति में एक सीमावर्ती बंगाल झालदा निवासी मनीषा रंजन भी एक है। उनके मारे जाने की खबर से आज आम जनता सड़कों पर उतर आए और झालदा को बंद कराया। आतंकी हमले को घोर निन्दा की गई।

## प्रेमसंस बजाज का सर्विसिंग कैंप आगामी 28 को

**मुरी:** आगामी 28 अप्रैल को सिल्ली प्रेमसंस बजाज सिल्ली शाखा का सर्विसिंग कैम्प आयोजित किया जा रहा है। सिल्ली शाखा के मैनेजर मो साबीर ने बताया कि प्रेमशंस के जितने तीन पाहिया वाहन है उनका इंजन चेक अप, मोबिल चेंजिंग आदि का सर्विसिंग कैम्प के माध्यम से सर्विसिंग की जायेगी।

## पलामू की महिला के साथ गया में गैंगरेप

**गया/रांची:** बिहार के गया से मानवता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना की खबर सामने आई है, जहां एक झारखंड के पलामू जिले की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। वहीं घटना के बाद हालत बिगड़ने पर महिला को उसको सहेली पलामू के मेदनीनगर इलाके में छोड़ भाग गई।

**सहेली के तीन दोस्तों ने किया सामूहिक दुष्कर्म:** जानकारी के मुताबिक, पीड़िता अपने प्रेमी के साथ कमरे में थी। इसी दौरान उसके कमरे में तीन शख्स दाखिल हुए। वे तीनों उसकी सहेली के दोस्त थे। तीनों लोगों ने उसकी प्रेमी को बुरी तरह से पीटकर कमरे से बाहर निकाल दिया। इसके बाद तीनों ने महिला के साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी मौके से फरार हो गए। वहीं महिला की सहेली गंभीर हालत में उसको पलामू के मेदनीनगर इलाके में छोड़ भाग गई। इसके बाद पीड़ित महिला किसी तरह थाने पहुंची और पुलिस को आपबीती बताई। वहीं पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल शुरू कर दी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। फिलहाल पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी में जुट गई है।

## सोनेट प्रीमियर लीग क्रिकेट स्ट्राइकर का विजय अभियान जारी



**रांची :** नमकुम में चल रहे सोनेट प्रीमियर क्रिकेट लीग क्रिकेट के एक मैच में आज स्ट्राइकर की टीम ने सोनेट वॉरियर्स को 6 विकेट से पराजित कर पूरे अंक अर्जित किया वॉरियर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 19.4 ओवरों में 138 रन पर ऑल आउट हो गई कमल किशोर ने 43 और अंशुमान सिंह ने 25 रनों का योगदान किया प्रशांत सुमन ने 24 रन देकर 3 शिखर मोहन और नवनीत ठाकुर 22 विकेट मिले जवाबी पारी में स्ट्राइकर की टीम 18.5 ओवर में 4 विकेट खोकर 142 रन बनाकर मैच को जीत लिया जिसमें शिखर मोहन ने 68 रनों की शानदार पारी खेली इसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया मोहित कुमार ने 20 रनों का योगदान दिया ओम और रोहित को एक-एक विकेट मिला।

# झारखंड व्यापार के लिए पूरी तरह तैयार, करें निवेश: मुख्यमंत्री



**संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पेन और स्वीडन के निवेशकों से राज्य में निवेश का आग्रह किया और उसने व्यापार अनुकूल माहौल उपलब्ध करने का वादा किया है। सोरेन इस समय स्पेन और स्वीडन की आधिकारिक यात्रा पर हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस यात्रा के तहत, राज्य सरकार को आरसीडी एस्पेनयोल फुटबॉल क्लब से खेल विकास में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव मिला। इसके अलावा, टेस्ला समूह से झारखंड में वाणिज्यिक और औद्योगिक बैटरी भंडारण उत्पादों से संबंधित एक बड़ा कारखाना स्थापित करने का प्रस्ताव मिला है। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने टेस्ला ग्रुप एएस. (चेकोस्लोवाकिया) के सीईओ और सह-संस्थापक दुसान लिचार्डस के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, लिचार्डस ने झारखंड में वाणिज्यिक और औद्योगिक बैटरी भंडारण उत्पादों की असेंबली एक बड़ा कारखाना स्थापित करने का प्रस्ताव रखा।" बयान में कहा गया कि यह परियोजना रोमानिया के ब्राइला में कंपनी की हाल ही में स्थापित कारखाने के समान होगी, जिसका उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण बुनियादी ढांचे को बढ़ाना है। सोरेन के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बार्सिलोना में स्टार्टअप मेंटरशिप, स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण, आपूर्ति श्रृंखला, जैव-औषधि, क्रिकेट फ्रैंचाइजी स्वामित्व और चिकित्सा प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय मूल के उद्योगपतियों और विशेषज्ञों के साथ बातचीत की। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से निवेश का आह्वान करते हुए कहा, आओ, निवेश करो और आगे बढ़ो। झारखंड व्यापार के लिए पूरी तरह से तैयार है।" प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने झारखंड में उद्यमिता, नवोन्मेष और स्टार्टअप विकास को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने निवेशकों से झारखंड आने और निवेश के अवसरों का पता लगाने का आग्रह किया। बयान में कहा गया कि बैठक के दौरान मूल्यवर्धित खाद्य प्रसंस्करण में निवेश के अवसरों पर भी चर्चा की गई।

## झारखंड जनाधिकार महासभा ने की अमित शाह से इस्तीफे की मांग



**रांची:** जम्मू-कश्मीर के लोकप्रिय पर्यटन स्थल पहलगाम में बीते मंगलवार की दोपहर आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर दी, जिसमें बेगुनाह लोगों की जान चली गई। इस आतंकी हमले ने पूरे देश को हिला कर रख दिया है। इस हमले के बाद झारखंड जनाधिकार महासभा में आक्रोश है। महासभा ने गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग की है। महासभा ने कहा कि कश्मीर में आम नागरिकों, प्रवासी मजदूरों और अब पर्यटकों को भी आतंकी निशाना बना रहे हैं। भारी सैन्य उपस्थिति के बावजूद इस तरह की घटनाएं यह बताती हैं कि हालात सामान्य नहीं हैं। सूचना तंत्र की विफलता भी स्पष्ट है। महासभा ने कहा कि चूंकि जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा पूरी तरह केंद्र सरकार के अधीन है, ऐसे में गृह मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार को नैतिक जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा देना चाहिए। महासभा ने कहा कि केंद्र सरकार का ध्यान सुरक्षा बहाल करने की बजाय लगातार कश्मीरी युवाओं, पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकताओं की आवाजें दबाने पर रहा है। अनुच्छेद 370 को खत्म करने के बाद कश्मीर की संवैधानिक स्वायत्ता और नागरिक अधिकारों को जिस तरह कुचला गया है, उसने लोगों को असुरक्षा के वातावरण में छोड़ दिया है।

महासभा ने चिंता जताई कि इस हमले को लेकर कुछ मीडिया संस्थानों और हिंदुत्ववादी ताकतों द्वारा विभाजनकारी और सांप्रदायिक प्रचार किया जा रहा है। यह दावा किया गया कि हमलावरों ने धर्म पूछ कर निशाना बनाया, जबकि इसकी कोई पुष्ट जानकारी नहीं है। दूसरी ओर, स्थानीय कश्मीरियों द्वारा पर्यटकों को बचाने की कोशिशें भी सामने आईं, लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। महासभा ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस कठिन समय में अफवाहों और नफरत फैलाने वाले प्रचार से बचें और ऐसे हर विभाजनकारी प्रयास का सामूहिक विरोध करें।

### गांधीनगर अस्पताल, सीसीएल में हृदय रोग संबंधी निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन

## मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राजीव राठी देंगे सेवा



**रांची:** सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, काँके रोड, रांची में 26 अप्रैल दिन शनिवार, को प्रातः 9 बजे से निःशुल्क हृदय रोग संबंधी चिकित्सीय शिविर (कार्डियक क्लिनिक) का आयोजन किया जा रहा है। इस चिकित्सीय शिविर में मैक्स अस्पताल, नई दिल्ली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. राजीव राठी (सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) हृदय रोग से ग्रसित मरीजों का जाँच करेंगे एवं चिकित्सीय सलाह देंगे।

हृदय रोग से ग्रसित सभी मरीज इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकते हैं। मरीज के पास यदि पुराने इलाज की रिर्पोट/जाँच के पेपर हों तो उसे अवश्य अपने साथ लाये।

सीएमडी, सीसीएल, निलेन्दु कुमार सिंह के मार्गनिर्देशन में सीसीएल ने अपने कर्मियों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग के लिए चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए कृतसंकल्पित है। इसके लिए सीसीएल द्वारा नियमित तौर पर देश के ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ चिकित्सकों को आमंत्रित कर विभिन्न बीमारियों से संबंधित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर का उद्देश्य है कि जरूरतमंद परिवारों को गंभीर बीमारी के अत्याधुनिक ईलाज की सुविधा उनके घर के निकट ही प्राप्त हो सके तथा इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

### प्रेमिका को धोखा देकर प्रेमी को दूसरी शादी करनी पड़ी महंगी

## प्रेमिका की शिकायत पर पुलिस ने दूल्हे को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चतरा:** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के एक युवक को राजस्थान के अजमेर की रहनेवाली अपनी प्रेमिका को धोखा देकर बिहार के गया जिले के बाराचट्टी की रहनेवाली दूसरी युवती से शादी करना महंगा पड़ गया। प्रेमिका की शिकायत पर युवक को हंटरगंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रेमिका ने युवक पर शादी कर दो साल शारीरिक संबध बनाने का आरोप लगाया था।शिकायत के आलोक में हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार दल बल के साथ युवक के घर पहुंचे जहां रंगारंग कार्यक्रम रिसेप्शन पार्टी का आयोजन हो रहा था। पुलिस को रिसेप्शन स्थल पर पहुंचते ही अफरातफरी मच गई। थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए दूल्हे को देर रात चल रहे रिसेप्शन पार्टी से ही गिरफ्तार कर लिया और हंटरगंज थाने ले आई। जानकारी के मुताबिक राजस्थान के अजमेर जिला के आदर्श नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मखुरा हटूंडी रोड़ जोधपुर की रहने वाली युवती का




हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गोसाईडीह निवासी युवक चंदन कुमार से दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमिका का आरोप है कि चन्दन ने सितम्बर 2023 को अजमेर के एक मंदिर में शादी की। इसके बाद उसका शारीरिक शोषण लगभग दो साल तक किया गया।इस दौरान युवक ने नवंबर 2023 में उसका गर्भपात करवा दिया। उसके बाद युवक 6 अप्रैल 2025 को यह बोलकर दिल्ली चला आया कि कुछ दिन के लिए भैया पास जा रहा हूं। उसके बाद कुछ दिन के लिए घर जाऊंगा। मेरे रिश्तेदार की शादी है। अचानक 20 अप्रैल को उसकी भतीजी के इंस्टाग्राम आईडी पर देखा की चन्दन ने दूसरी लड़की से शादी रचा ली है तो मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई। प्यार में धोखा मिलने के बाद प्रेमिका आनन - फानन में राजस्थान से हंटरगंज थाने पहुंची, जहां मामले की शिकायत पुलिस से की। हंटरगंज पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि राजस्थान के अजमेर की रहनेवाली युवती ने अपने पति द्वारा दूसरी शादी करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि युवक को मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

**प्रेमी की गिरफ्तारी होने तक युवती काटती रही थाना का चक्कर:** प्रेमिका की शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत आरोपी युवक चन्दन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। शिकायत के बाद से ही प्रेमिका हंटरगंज थाना में जमी रही। प्रेमी के गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने के बाद वह चैन से बैठी। आरोपी चन्दन को जेल भेजे जाने के दौरान युवती चतरा कोर्ट में ही मौजूद रही।

इधर इस संबध में आरोपी के मां उर्मिला देवी ने बताया कि इस संबध में हम सभी परिजनो को कोई जानकारी नहीं थी। जब अचानक पुलिस रिसेप्शन पार्टी के दौरान घर पर आई और लड़की थाना पहुंची। तब हमलोगो को इसकी जानकारी हुई। आगे बताया कि युवती के द्वारा हम पर भी आरोप लगाया जा रहा है। हमसभी परिवार को इसके संबध में कोई जानकारी नहीं है।

### पहलगाम हमले का विरोध

# भाजपा ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

## 28 पर्यटकों की हत्या का बदला लेने की मांग

**संवाददाता**

**चतरा:** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 पर्यटकों की हत्या का मामला उग्र रूप लेता जा रहा है। कश्मीर में हिंदुओं की हत्या के विरोध में सुलग चतरा तक पहुंच चुकी है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को चतरा में आक्रोश मार्च निकलकर जोरदार प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय के केसरी चौक पर कार्यकताओं ने जमकर पाकिस्तान विरोधी नारेबाजी की। कार्यकर्ताओ ने पाकिस्तान और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। आक्रोशित भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि अब सोचने और समझने का वक्त नहीं, बल्कि घर में घुसकर मुहतोड़ जवाब देने का समय है। भाजपाइयों ने कहा कि पाकिस्तान अपनी गिरी हरकतों और हिंदुस्तान विरोधी आदतों से बाज नहीं आने वाला है। उन्होंने भारत सरकार से 28 पर्यटकों की हत्या का बदला 28 हजार आतंकियों को मार गिरा कर लेने का अनुरोध किया। भाजपाइयों ने कहा कि आतंकियों के द्वारा हिंदुओं की पहचान पूछ कर और कपड़ा उतरवा कर गोली मारकर हत्या की है। उससे यह



साबित होता है कि यह एक सुनियोजित षडयंत्र का हिस्सा है। अब किसी भी परिस्थिति में सनातनियों का खून शांत नहीं होगा। भाजपाइयों ने कहा है कि कश्मीर के पहलगाम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले पर्यटकों के आत्मा को शांति तभी मिलेगी जब हमारे देश के जांबाज सैनिक इनके हत्या का बदला 28 हजार आतंकियों को मौत की नींद सुलाकर लेंगे। सही मायनों में तभी पर्यटकों के आश्रित के साथ-साथ सनातनियों का भी उबलता खून शांत होगा। विरोध सह आक्रोश मार्च कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय प्रजापति व सुबोध सिंह गुडू ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप डॉ मृत्युंजय सिंह, भोला प्रसाद साहू और विद्यासागर आर्य ने कहा कि सनातन धर्म के बिरुद्ध सोची समझी साजिश है। सनातन धर्म को खत्म करने की साजिश को सफल नहीं होने दिया जायेगा। कार्यक्रम में भाजपा नेता राकेश झा गोपाल सोनी, शिवकुमार चौबे, गोबिंद राम, शंकर सोनी, हरिओम केसरी, अभिषेक केसरी, अशोक साव, सुनील स्नेही, राजकुमार वर्मा, चंदन सोनी, भवानी राय, काली यादव, अमित सिंह, दीपक शर्मा, प्रदीप महतो, बब्लू सिंह, अरबिंद सिंह, अजित लाल, डब्लू प्रसाद समेत सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## खूंटी- तोरपा में निकली गई जनआक्रोश मशाल रैली

**खूंटी:** खूंटी- तोरपा सहित आसपास के इलाकों में पालगाम में हुए 28 मासूम सनातनी हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में निकली गई विशाल जनआक्रोश मशाल रैली ।



**आज बंद रहेगा पूरा खूंटी:** 21 अप्रैल को जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में हुए नरसंहार जिसमें घूमने आए सैलानियों को आतंकवादियों द्वारा धर्म और नाम के आधार पर निशाना बनाया और मौत के घाट उतार दिया। पहलगाम जहां लोग अपने परिवार और बच्चों के साथ घूमने गए थे, जिनकी कोई गलती भी नहीं थी। बस उनका दोष इतना था कि वो हिंदू थे। वहां घूमने आए लोगो पर आतंकी हमला किया गया, और लोगो से उनका नाम पूछकर छोटे छोटे बच्चे और परिवार वालो के सामने ही गोली से मार दिया गया। बताया जा रहा है कि लोग अपने परिवार और बच्चों के साथ घूमने पहलगाम कश्मीर गए थे, जहां आतंकवादियों के द्वारा सिर्फ हिंदू सैलानियों को नाम और धर्म पूछ कर गोली मारी गई, जिसमें 28 लोगों की मौत हो गई, जिसके बाद से ही पूरे देश भर में काफी आक्रोश है। लोग इसकी निंदा कर रहे है, और सरकार से कड़े कदम उठाने की मांग कर रहे है। जिसे लेकर 24 अप्रैल को भारत बंद का भी आव्हान किया गया है। इसी कड़ी में खूंटी में 23 अप्रैल को शाम में एक विशाल जनआक्रोश मसाल रैली निकला गया, जिसमें खूंटी के सैकड़ों सनातनी हिंदुओं ने भाग लिए। जिसके लिए शाम से ही बड़ी संख्या में खूंटी के लोग खूंटी क्लब में जमा होने लगे और हिंदुओं पर कश्मीर पहलगाम में हुए नरसंहार के विरोध में मशाल रैली निकाली। जिसमें सैकड़ों लोगों के साथ झारखंड के पूर्व ग्रामीण विकाश मंत्री एवं पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा भी शामिल हुए। इस मशाल जुलूस में लोगो ने जमकर पाकिस्तान और इस्लामिक आतंकियों के खिलाफ नारेबाजी की, और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इसके विरोध में कड़ी से कड़ी करवाई करने की मांग की। खूंटी के साथ ही तोरपा में भी काफी संख्या में लोगों में इस आतंकी हमले के विरोध में जनआक्रोश रैली निकाली जिसमें तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा सहित तोरपा के काफी लोग सम्मिलित हुए। खूंटी में निकली गई इस जन आक्रोश मसाल रैली में पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, अनूप साहू, प्रियंक भगत, विनोद जायसवाल, जितेंद्र कश्यप, अमित किरण, संतोष मंडल, मुकेश जायसवाल, संजय साहू, सुनील कुमार साहू, शशि पांडे, कंचन सिंह, राज कुमार जायसवाल, जयंत लाल, सहित सैकड़ों सनातनी हिंदुओं शामिल हुए। जन आक्रोश मसाल रैली के पश्चात आज स्वत खूंटी को इस नरसंहार के विरोध में बंद रखने का निर्णय लिया गया।

# 27 अप्रैल को फिर बदलेगा मौसम, राज्य में अगले तीन दिन तक लू का अलर्ट जारी

## 27 अप्रैल को दोपहर बाद ओलावृष्टि के साथ तेज हवा, बारिश व वज्रपात की संभावना

संवाददाता

**रांची:** राज्य में अगले तीन दिन तक लू की स्थिति बनी रहेगी। इसको देखते हुए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर दिया है। इसके बाद अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री तक कमी आ सकती है। 26 अप्रैल को उत्तर-पूर्व तथा दक्षिण-पूर्ण इलाके में मौसम में बदलाव दिखेगा। बादल छाये रह सकते हैं, जबकि, 27 अप्रैल को दोपहर बाद ओलावृष्टि के साथ तेज हवा, बारिश व वज्रपात होने का अनुमान है। इसे देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी



किया गया है।

एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन उत्तर-पूर्व से छत्तीसगढ़ होते हुए कर्नाटक की तरफ जा रहा है। रांची को छोड़कर अन्य जिलों में अधिकतम तापमान लगभग 40 डिग्री या उससे ज्यादा हो गई है। बुधवार को रांची का अधिकतम तापमान 38.8, जमशेदपुर का 42.6, मेदिनीनगर का 43.0, बोकारो का 40.5, चाईबासा का 42.4, चतरा का 39.0, देवघर का 40.0 और गढ़वा का 41.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि खूंटी में सबसे कम 19.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है।गर्मी से स्कूली बच्चे परेशान हैं और जिला प्रशासन ने अभी तक स्कूलों के लिए कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किया है। कुछ जिलों में हीटवेव की स्थिति बनी रहेगी।

# आतंकवादियों का मजहब और धर्म से कोई लेना-देना नहीं: मौलाना तहजीबुल हसन

## शहीदों के परिजनों को 5-5 करोड़ मुआवजा देने की मांग

संवाददाता

**रांची:** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष सह झारखंड सुन्नी वक्फ बोर्ड के सदस्य और मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना हाजी सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने आज गुरुवार 24 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कहा कि इस आतंकवादी हमले की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों पर गोली चलाना मानवता के विरुद्ध है। भारत सरकार को इस आतंकवादी हमले का जवाब कड़ी से कड़ी देना चाहिए।



आतंकवादी हमले को राजनीतिक रंग देना खेदजनक है। आतंकवादियों का धर्म या मजहब से कोई लेना-देना नहीं है। यदि वह स्वयं धार्मिक नहीं है तो वह दूसरों को किस प्रकार का धर्म सिखाएगा? और इस्लाम धर्म में अल्लाह ने पवित्र कुरान में स्पष्ट रूप से कहा है कि धर्म में कोई जबरदस्ती नहीं है। धर्म को जबरन थोपना भी आतंकवाद है। शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि शहीदों के परिवारों को पांच-पांच करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। और घायलों के परिवारों को दो दो करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए। क्योंकि भारत सरकार के पास खजाने में की कोई कमी नहीं है। साथ ही मैं भारत और झारखंड की जनता से अपील करता हूं कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। गंगा-जमनी सभ्यता को मजबूत करें और आतंकवादियों की साजिश को नाकाम करें। जिन लोगों ने निर्दोष लोगों को बचाया वे भी मुसलमान ही थे। कश्मीरी मुसलमानों ने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। हम एक बार फिर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

# महायज्ञ का पांचवा दिन: भगवान कृष्ण के जन्म का किया गया वर्णन

## श्री यज्ञा बाबा मूर्ति अनावरण, देव प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ



संवाददाता

**रांची:** आज यानि 24 अप्रैल को मोरहाबादी स्थित यज्ञा बाबा आश्रम के प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय श्री यज्ञा बाबा मूर्ति अनावरण,देव प्रतिष्ठा एंव श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन यज्ञा बाबा आश्रम के मुख्य महंत भरत दास जी महाराज ने बताया कि आचार्य श्यामसुंदर शर्मा भारद्वाज की अगुवाई में महायज्ञ मंडप में विद्वान पुजारियों द्वारा धूपाघिवास,दीपाघिवास एवं फलाघिवास विधि विधान से मंत्रोपचारण के साथ पूजा अर्चना की गयी। जिसमें हजारों श्रद्धालुगण एवं भक्तगण शामिल हुए। वहीं शाम को भागवत कथा वाचक गया पीठाधीश्वर स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने अपने मधुर वाणी से संगीतमय भागवत की महिमा सुनाई। उन्होंने आज भगवान कृष्ण के जन्म के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा भगवान हर गर्भ में,हर जगह एवं कण-कण में होते हैं लेकिन उन्हें प्रकट करने के लिए भगवान से प्रेम करने की आवश्यकता होती है। देवकी वासुदेव भगवान के अनन्य भक्त थे घोर तपस्या करके भगवान से उन्होंने वरदान मांगा था कि हे प्रभु आप मुझे पुत्र के रूप में प्राप्त हो तो भगवान उनके यहां पुत्र बनकर आए और भगवान ने अनेक लीलाएं की आगे महाराज जी ने बताया भगवान को प्रसन्न करने के लिए एवं उनके चरणों में प्रेम बढ़ाने के लिए कलयुग मे सबसे सरल यही उपाय है कि भगवान का नाम,जाप एवं कीर्तन हमेशा करते रहे।भगवान नाम जाप करने से बहुत जल्द ही प्रसन्न होते हैं।आज के इस धार्मिक महायज्ञ मे मुख्य यजमान की भूमिका संतोष कुमार पांडेय व रवीना पांडेय,हर्ष कुमार व श्रुति श्रेया,अयोध्या बक्षी,अमित विक्रम और निधि शर्मा,राकेश शर्मा व प्रिया शर्मा सपरिवार के साथ निभाई।

आज के समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रांची के पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय,उनके भाई सुनील सहाय,गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ,रांची के पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय,समाजसेवी राम बहादुर सिंह ने भगवान जी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से मंदिर के पुजारी विकास पांडेय,आशुतोष द्विवेदी,शिव किशोर शर्मा,डॉ. अनिल कुमार,रिषिकेश लाल, अजीत कुमार,श्याम पांडेय,चंदन पांडेय,सुनील कुमार,रूपम झा, सिंधु बाला,सुनीता देवी, उमरावती देवी,सुनीता तिवारी, सुमित्रा पांडेय,अंजली उपाध्याय, लक्ष्मीना दुबे,श्रीयांशी व अन्य ने महत्त्वपूर्ण।

# पर्यटकों पर आतंकवादी हमला एक कायरतापूर्ण कृत्य : मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर

## आतंकवादी हमले की एनआईए से जांच की मांग




संवाददाता

**रांची:** ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस-ए-उलेमा झारखंड ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की है। आज गुरुवार 24 अप्रैल को मजलिस के आवासीय कार्यालय में हजरत मौलाना मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी की अध्यक्षता में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। जिसमें मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर ने कहा कि पर्यटकों पर आतंकी हमला कायराना हरकत है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। 27 से अधिक लोगों की जान चली गई। तथा दर्जनों लोग घायल हो गए। इस दुःख की घड़ी में हम सभी परिवारों के साथ खड़े हैं। ऑल इंडिया मुस्लिम मजलिस-ए-उलेमा झारखंड भारत सरकार से एनआईए द्वारा निष्पक्ष जांच की मांग करती है। ताकि पापियों को दण्ड मिल सके। और ऐसा फितना देश में दोबारा नहीं हो। मजलिस ने मांग की के भारत सरकार शहीदों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा प्रदान करे। और घायलों के परिजनों को 50-50 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाए। इस अवसर पर मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी ने आगे कहा कि कश्मीरियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना पर्यटकों की जान की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। आतंकवादी साजिश को विफल करने में कश्मीरियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सैयद आदिल हुसैन शाह जैसे बहादुर व्यक्ति के माता पिता को बधाई देते हैं। उनकी शहादत भारत में हिंदू-मुस्लिम नफरत फैलाने वालों के लिए एक निर्णायक जवाब है। कश्मीरी भाइयों ने कैंडल जलाकर अपना दुख व्यक्त किया। कश्मीरी उलेमा ने मस्जिदों के माइक के माध्यम से इस आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। मजहब नहीं सिखाता आपस में बेर रखना, हिंदी हैं हम वतन हैं हिंदुस्तान हमारा। इस मौके पर मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर के साथ काजी मुहम्मद उजैर कासमी, कारी नौशाद, बच्चा बाबू, शकील अहमद, इम्तियाज अहमद और पत्रकार आदिल राशिद समेत कई लोग मौजूद थे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**शुद्धिपत्र नं.-1**

ई-टेण्डर निविदा सूचना, दोहरी पेकेट ई-आरए के बिना **कार्य का नाम व लोकेशन:** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के आरई-एडब्ल्यूआर-बीकेआई, बीकेआई-जेपी, जेपी-एफएल-एमडी और आरई-आरजीएस-एफएल खंडों में 160 किमी प्रति घंटे के लिए मौजूदा ओएचई के संशोधन के साथ 1 x 25 केवी से 2 x 25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम में इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम के उन्नयन के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। (कुल 581.43 आरकेएम / 1210.82 टीकेएम) **ई-टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समय:** 15.00 Hrs. on 13/05/2025 **निविदा सूचना संख्या:** NWR/EI/Proj/2x25kV/JP/01 (ई-आरए के बिना दो पैकेट सिस्टम) के अनुक्रम में, निविदा समापन तिथि: 13/05/2025 (15:00 बजे) दिनांक 12.04.2025 और 13.04.2025 को समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी। इसके द्वारा निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया जाता है: ई-निविदा के समापन की तिथि 16/05/2025 (15:00 बजे) होगी।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना,
461-AJ/25 उत्तर पश्चिम रेलवे-जयपुर


### सिर्फ वीआईपी इलाकों में फॉगिंग, आम जनता को मच्छरों से राहत नहीं

**रांची :** रांची नगर निगम की मच्छर नियंत्रण व्यवस्था अब सवालों के घेरे में है। नगर निगम का दावा है कि पूरे शहर में नियमित रूप से फॉगिंग की जा रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है । आम जनता का आरोप है कि फॉगिंग वाहन केवल नेताओं और बड़े अधिकारियों के आवासों के आसपास ही नजर आते हैं, जबकि बाकी इलाकों को जानबूझकर नजरअंदाज किया जा रहा है । फॉगिंग गाड़ी सिर्फ कागजों पर आती है । घनी आबादी वाले क्षेत्रों के निवासियों का कहना है कि उनके इलाके में महीनों से फॉगिंग वाहन दिखाई ही नहीं दिए. हर साल हमारे इलाके में डेंगू के मरीज निकलते हैं, लेकिन नगर निगम की गाड़ी कभी नहीं आती । बस जब कोई बड़ा अधिकारी बीमार होता है, तब पूरी टीम पहुंच जाती है । नगर निगम के अनुसार, फॉगिंग के लिए उनके पास कुल 8 गाड़ियां हैं, जिन्हें अलग-अलग टीमों में बांटकर विभिन्न वार्डों में प्रतिदिन फॉगिंग के लिए रोस्टर किया गया है । इन गाड़ियों को तय समय और स्थान पर भेजने की योजना बनाई जाती है ताकि पूरे शहर में नियमित फॉगिंग हो सके । बावजूद इसके, कई इलाकों में महीनों से फॉगिंग नहीं हुई है ।

### घरेलू विवाद में नबालिग ने की आत्महत्या

**धनबाद:** जिले में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक नाबालिग ने आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला जिले के धनसार थाना क्षेत्र के बरमसिया शनि मंदिर के पास का है। बताया जा रहा है कि घर में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद 15 साल की प्रिया ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब मां कमरे में गई तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला जिसके बाद दरवाजा तोड़ गया।

### जिमखाना क्लब में फ्लेमिंगो म्यूजिक फेस्टिवल 27 को

**रांची:** राजधानी रांची के जिमखाना क्लब में 27 अप्रैल को फ्लेमिंगो म्यूजिक फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रांची जिमखाना क्लब और नयी सोच वाली इवेंट कंपनी ट्राइपॉड इवेंट्स की साझेदारी में हो रहा है। कार्यक्रम शाम चार बजे से रात 12 बजे तक होगा। इसमें संगीत, कला और मनोरंजन का शानदार संगम देखने को मिलेगा। फेस्टिवल में देशभर के मशहूर कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय टैलेंट भी दिखेंगे। बॉलीवुड के लोकप्रिय गायक गजेंद्र वर्मा फेस्टिवल के हेडलाइनर होंगे। उनके साथ मंच साझा कलाकार वुल्फ क्रायमैन और वाइकिंगसोल रहेंगे। रांची के कलाकार एल्विन रोजरिओ और डीजे नेत्रा की भी खास प्रस्तुति होगी।

**फ्ली मार्केट में खरीदारी का भी लुत्फ उठायेंगे लोग:** यहां दर्शक एक्सपीरिएंशल जोन का लुत्फ उठा सकते हैं। फ्ली मार्केट में खरीदारी कर सकते हैं। हाथ से बने और स्थानीय उत्पाद विशेष रूप से उपलब्ध होंगे। विंटेज कार शो में पुरानी क्लासिक कारों को करीब से देख सकते हैं। फ्लेमिंगो म्यूजिक फेस्टिवल का उद्देश्य है संगीत, कला और जीवनशैली को एक साथ जोड़ते हुए लोगों को एक उत्सवपूर्ण और मनोरंजक माहौल उपलब्ध कराना।

### करंट लगने से मजदूर की मौत

**मांडर :** थाना क्षेत्र के बोन्डो गांव में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक 30 वर्षीय बड़कुंवर कोड़ा पश्चिमी सिंहभूम के हाट गम्हरिया के अमाड़ीया टोली का निवासी था। जानकारी के अनुसार, हटिया से लोहरदगा गए दो लाख 20 हजार वोल्ट के तार के नीचे बड़कुंवर कोड़ा सहित अन्य मजदूर बांस की छंटाई कर रहे थे। इसी दौरान तेज हवा के कारण बांस करंट प्रवाहित हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आ गया जिससे बड़कुंवर कोड़ा की घटनास्थल पर मौत हो गई। हाई वोल्टेज करंट से बांस के झुंड में भी आग लग गई थी। वहीं काफी देर बाद जब आग पर काबू पाया गया तब बड़कुंवर कोड़ा के जले शव को लेकर उसके साथी रेफरल अस्पताल पहुंचे। सूचना मिलने पर मांडर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
WATER WAYS DIVISION, RANCHI.
(Room N0-503, Jal Bhawan, Doranda-834002)**

**e-Procurement Notice**

**e-Tender Reference No. –WRD/WWD/RANCHI- 02/2025-26,
Date-22.04.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Repair of Canal Sections of Paras Main Canal |
| 2 | Estimated Cost (Rs) | Rs. 67,41,000.00 |
| 3 | Bid Security (Rs.) | Rs. 1,34,820=00 (Online mode) |
| 4 | Cost of Tender Document | Rs. 10,000=00 (Non-Refundable) (Online mode) |
| 5 | Time of Completion | 12 (Twelve) Months. |
| 6 | Availability of Tender On Line | 29.04.2025 From 02:00 PM |
| 7 | Bid Submission | From 29.04.2025, 02:00 PM to 14.05.2025 upto 05:00 PM |
| 8 | Date & Time of Opening of Bid | 16.05.2025, 02:00 PM |
| 9 | Name and address of office inviting tender | Executive Engineer, Water Ways Division, Ranchi. |
| 10 | Contact No. of Procurement Officer | 8340285398 |

Note:-
1. Only e-tender will be accepted. Details available on website https://jharkhandtenders.gov.in
2. Estimated Cost May vary. Online BOQ amount shall prevail.
3. Tender Fee and Earnest Money should be deposited through Online mode only as per WRD, Jharkhand letter no-907 dated-04.10.2023 and I.T. & e-Governance Dept. Jharkhand Letter no-120 dated-03.10.2023

PR 350872 Water Resource(25-26).D

Executive Engineer
Water Ways Division, Ranchi.


पहलगाम आतंकी हमला

# मारे गए पर्यटकों को दी गयी श्रद्धांजलि, कैंडल मार्च का आयोजन

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- मिलजुलकर करेंगे आतंक का खात्मा



**रांची:** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बेगुनाह पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से पूरा देश आक्रोशित है। दल और मजहब से ऊपर उठकर लोग इस आतंकी घटना के लिए जिम्मेवार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कर रहे हैं।

रांची महानगर युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों लिए श्रद्धांजलि एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। शहीद स्मारक से महात्मा गांधी मेन रोड तक कैंडल मार्च निकाला गया। मुख्य रूप से झारखंड के सह प्रभारी श्रीवेला प्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, युवा कांग्रेस प्रभारी सौरभ अग्रवाल, रांची महानगर अध्यक्ष गौरव सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मार्च में शामिल हुए। कैंडल मार्च कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे युवा कांग्रेस महानगर के महासचिव आयुष अग्रवाल और अध्यक्ष गौरव सिंह ने कहा कि यह घटना बिल्कुल निंदनीय है और इसकी जिम्मेदारी लेते हुए गृहमंत्री अमित शाह को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

पहलगाम के आतंकी हमले को कायरतापूर्ण और अमानवीय करार देते हुए झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि अब समय आ गया है कि इस घटना के पीछे जो भी शामिल हैं, उन्हें कठोर दंड दिया जाए। दलगत भावना से ऊपर उठकर सभी मिलकर जम्मू कश्मीर से आतंक का खात्मा करें।

# सेंट्रल इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर में सरल बनायें भर्ती प्रक्रिया: निदेशक

## प्रभारी निदेशक ने अस्पताल परिसर का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये निर्देश

**रांची:** रिम्स की प्रभारी निदेशक डॉ शशिबाला सिंह ने बुधवार को अस्पताल परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने सेंट्रल इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर के साथ-साथ कई वार्डों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मरीजों की भर्ती प्रक्रिया में कुछ समय लग रहा था। इसके बाद उन्होंने कहा कि इमरजेंसी में मरीजों को भर्ती करने में कम से कम समय लगे, इसका ख्याल रखें। पूरी प्रक्रिया को सरल बनाना है। ताकि, मरीजों को समय पर इलाज की सुविधा मिल सके। इसके लिए 10 मल्टीपर्पस वर्कर्स को तैनात करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने पाया कि दूसरे विभागों से जब डॉक्टरों को बुलाया जाता है, तो वह कई दिनों तक मरीज को देखने नहीं आते हैं। इस पर उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को चार घंटे के भीतर मरीज को देखना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। वहीं, सामान्य मरीजों को न्यू ट्रॉमा सेंटर से वार्ड, पेइंग वार्ड और कॉटेज में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सभी सीएमओ को नाम, पदनाम और रजिस्ट्रेशन नंबर का एक मुहर बनवाने को भी कहा। इस दौरान निदेशक कॉटेज के पास गंदगी देख नाराज हुईं। उन्होंने तत्काल सफाई कराने का निर्देश दिया। मौके पर अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ, अपर चिकित्सा अधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, क्रिटिकल केयर के विभागाध्यक्ष सह ट्रॉमा सेंटर व इमरजेंसी इंचार्ज डॉ प्रदीप भट्टाचार्य, उपाधीक्षक डॉ अजय कुमार और प्रशासनिक पदाधिकारी कर्नल एके श्रीवास्तव भी मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
विशेष कार्य प्रमण्डल
भवन निर्माण विभाग, राँची।
Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0-02/2025-26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :- कार्यपालक अभियंता, विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :- दिनांक-07.05.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक-08.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक-08.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :- (क)अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,छोटानागपुर भवन अंचल संख्या-1,भवन निर्माण विभाग, राँची। (ख)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
7. निविदाधीन कार्य का विवरण :-

| क्र.सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Main Building Bathroom and Roof Treatment in Women's Industrial Training Institute at Hehal, Ranchi | 49,63,400/- | 99,500.00 | 5000.00 | 3 Months |

8. निविदा की शर्तें WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0 राँची।
PR 350806 Building(25-26)D

## सुविचार

**मेहनत अगर आदत बन जाए, तो सफलता ही तकदीर बन जाती है।**

## हिन्दुओं की पहचान कर मार दी गईं गोलियां, गहरी साजिश का हिस्सा

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने अंदर तक झकझोर दिया है। कहने को कहा जा रहा है कि विदेशी साजिश थी, पाकिस्?तान का हाथ था लेकिन यह हाथ घर के अंदर आया कैसे? घर के भी कोई अपने थे, जो इस पूरे आतंकवादी घटनाक्रम में शामिल हैं। ह्लइंटेलिजेंसह्व इनपुट कह रहा है कि छह आतंकियों में से तीन भारत के नागरिक थे, जिन्होंने विदेशी इस्लामिक आतंकवादियों के साथ मिलकर हिन्दुओं का खून बहाया है।

घटना के बाद से मीडिया में कई रिपोर्ट आई हैं, जिनमें से अनेकों में इस बात को दोहराया गया है कि पुलवामा हमला पार्ट-1 था जो 14 फरवरी 2019 को हुआ था, जिसमें 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गई थी। इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने ली थी। अब पहलगाम हमला पार्ट-2 है जिसे 22 अप्रैल 2025 को 26 लोगों की जान लेकर अंजाम दिया गया है और कई घायल हैं। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के फ्रंट ग्रुप द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है, जो पाकिस्तान का आतंकी संगठन है। टीआरएफ जम्मू-कश्मीर में सक्रिय है और भारत इसे पहले ही आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। यह गुट 2019 में तब सामने आया था, जब जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाया था। टीआरएफ ने अब तक सुरक्षाकर्मियों और आम लोगों पर कई हमले किए हैं, जिनमें 2020 में भाजपा नेता और उनके परिवार की हत्या के साथ 2023 में पुलवामा में कश्मीरी पंडित संजय शर्मा की हत्या भी शामिल है। साल 2019 के पुलवामा हमले में भी टीआरएफ का नाम आया था। आज न जानें कितने टीआरएफ जैसे आतंकी संगठन भारत में पल रहे हैं। देखने में यही आता है कि इनके निशाने पर गैर मुसलमान खासकर हिन्?दू रहते हैं। आखिर हिन्?दुओं को ही क?यों टारगेट किया जाता है? जो लोग आज इसे हमला पार्ट-2 कह रहे हैं, उन्?हें भी समझ लेना चाहिए कि यह कोई एक, दो, तीन, चार, पांच या अन्?य जिसे गिनतियों में समाहित किया जा सके वह जिहादी या गैर मुसलमानों के प्रति चलनेवाला अभियान (पार्ट) नहीं है। भारत में मोहम्?मद बिन कासिम से लेकर अब तक अनेकों आक्रमण हो चुके हैं। इतिहास में मुहम्मद बिन कासिम के बाद 10वीं शताब्दी से तुर्क आक्रमण शुरू हुए, जिनमें महमूद गजनवी, मुहम्मद गोरी, बाबर, तैमूर लंग, अलाउद्दीन खिलजी जैसे अंध जिहादियों के आक्रमण प्रमुख हैं। भारत पर पहली बार मुस्लिम आक्रमण 712 ईसवी में हुआ था, तब से लेकर अब तक 1337 साल गुजर चुके हैं, इतने दिनों में सांस्?कृतिक भारत कई हिस्?सों में बंट चुका है। भारतीय उपमहाद्वीप के अनेक देश इसके प्रमाण हैं, पीढ़ियों के स्?तर पर भारत आज अपनी 45 पीढ़?यां औसतन पार कर चुका है, उसके बाद भी शेष भारत और यहां का ज्?यादातर बहुसंख्?यक समाज (हिन्?दू) है, वह समझना ही नहीं चाहता कि आखिर ये इस्?लामिक जिहादी घटनाएं बार-बार क?यों हो रही हैं। क?यों मजहब के नाम पर अलग देश लेने के बाद भी ये रुकने का नाम नहीं लेतीं। इसी संदर्भ में यह ऐतिहासिक प्रसंग है, जिसके मर्म को सभी को समझना चाहिए; जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष रहे मौलाना मुहम्मद अली ने सार्वजनिक रूप से कहा था कि, ह्लअपने मजहब और अकीदे के मुताबिक मैं एक गिरे से गिरे और बदकार मुसलमान को भी महात्मा गाँधी से बेहतर समझता हूँ।ह्व यह चर्चित घटना सन 1924 की है, जिस का विवरण डॉ. आंबेडकर ने अपनी पुस्तक पाकिस्तान और पार्टीशन ऑफ इंडिया (1940) में दिया है। पूछने पर मौलाना ने अपनी बात को बार-बार दुहरा कर कहा, ताकि गलतफहमी न रहे। समझने के लिए यहां इतना जान लें कि मौलाना मुहम्मद अली बड़े प्रतिष्ठित आलिम थे और गाँधीजी के अन्यतम सहयोगी भी रहे थे। इससे भी मौलाना की संजीदगी समझी जा सकती है। मौलाना ने अपने रिलीजन का केंद्रीय तत्व बड़ी सुंदरता से रखा था। जहाँ आचरण नहीं, विश्वास मुख्य है। इसी से अभी भारत, इजराइल, सीरिया, ईराक, युरोप के देशों में तबाही कर रहे लश्कर-ए-तैयबा, पासबान-इ-अहले हदीस, जैश-ए-मोहम्मद, तहरीक-ए-फुरकान, हरकत-उल-मुजाहिदीन, हरकत उल-अंसार, हिजबुल मुजाहिद्दीन, अल-उमर मुजाहिदीन, जम्मू एंड कश्मीर इस्लामिक फ्रंट, अल-बद्र, जमात-उल-मुजाहिदीन, अल-कायदा, दुख़्तरान-ए-मिल्लत, इण्डियन मुजाहिदीन, इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट, जमात-उल-मुजाहिदीन, इस्लामी स्टेट (आई.एस.आई.एस.), बोको हरम, तालिबान या लश्करे-तोयबा आदि संगठनों के कामों का भी सही वर्गीकरण कर लेना चाहिए। वे सिरफिरे नहीं हैं, वे बेकार में हिंसा नहीं कर रहे हैं, उनका मकसद साफ है। जैसा भ्रमवश या लोगों को भुलावे में रखने के लिए कह दिया जाता है कि आतंकवादी का कोई मजहब या धर्म नहीं होता, वे उतने ही मुसलमान हैं, इसलिए किसी मुसलमान के लिए गाँधीजी जैसे गैर-मुस्लिमों से अधिक अपने हैं। जिहादी, आतंकवाद के संदर्भ में इस सत?य को ठीक से समझकर ही भारत पर हो रहे राजनीतिक, आध्यात्मिक, अन्य हिंसात्मक, लव जिहाद, लैण?ड जिहाद जैसे अनेक प्रकार के आक्रमणों को समझा जा सकता है। ईसाइयत और इस्लाम की वैसी मान्यताओं के ठीक विपरीत हिंदू धर्म किसी मतवाद, विश्वास आदि को धर्म का आधार नहीं मानता। इसीलिए हिंदू धर्म उस तरह सामाजिक-राजनीतिक और हिंसक रूप से संगठित धर्म या मत, पन्थ नहीं है, जो अपनी और दूसरों की गिनती आदि का ध्यान रखते हुए धर्म (मजहब) की चिंता कर सके। यह इस की कठिनाई भी है, जो इस पर इस्लाम अथवा ईसायत के संगठित आक्रमणों को अपेक्षाकृत आसान बनाती रही है। अर्थात, हिंदू धर्म की विशेषता एक विशेष परिस्थिति में इस की दुर्बलता भी बनी रही है। इसी कारण लगातार हिंदू धर्म अरक्षित भी हो रहा है। इसकी इमारत किसी मत-विश्वास पर नहीं, बल्कि सृष्टि मात्र के साथ संबंध पर आधारित है। रिलीजन वाले मतवाद अपने आसपास बाड़ा बनाते हैं। जो उस के भीतर हैं वे 'अपने' हैं और बाकी सब 'गैर' और प्रायः शत्रु भी माने जाते हैं। लेकिन चूँकि हिंदू धर्म ऐसे बाड़े नहीं बनाता और किसी को गैर नहीं मानता। इसी से वह अकेला और अरक्षित भी रह जाता है। मत-विश्वास पर संगठित नहीं होने के कारण उस के अनुयायी आक्रामक रिलीजनों के प्रहार के सामने असहाय हो जाते हैं। जैसे कश्मीरी हिंदू असहाय मारे गए और अपने ही देश में विस्थापित, शरणार्थी बनने को विवश हुए। यह स्वतंत्र भारत में हुआ, पश्चिम बंगाल, समेत कई राज्यों में निरंतर हो रहा है। आज ह्लपहलगामह्व के आतंकवादी हमले में भी वही हुआ है और हिंदुओं को चुन-चुन कर नाम पूछ कर मार दिया गया है। कहना होगा और यही सत?य भी है; वस्?तुतः आज जो भारत में घट रहा है, वह दुनिया पर कब्जे की नीति रखने वाले, संगठित धर्मांतरणकारी रिलीजनों को हिंदू धर्म के बराबर कह कर भारत को पिछले कई सौ साल से निरंतर विखंडन के लिए खुला छोड़ दिये जाने का परिणाम है। क्या हम इसे पहचानने से भी इनकार करते रहेंगे? संदर्भ-पुस्तक : आध्यात्मिक आक्रमण और घर वापसी (शंकर शरण-विजय कुमार) वास्तव में जब तक भारत के मदरसों एवं अन्य जगह दीनी तालीम के नाम पर, कभी अल्लाह, कभी रसूल, फिर कभी जिहाद के लिए और नफरत फैलाने वाले पाठ पढ़ाये जाते रहेंगे तब तक भारत में आगे भी गैर मुसलमान (हिंदू एवं अन्य) इसी तरह से मारे जाते रहेंगे। आगे भी इसी तरह पहलगाम का वो मंजर सामने आएगा, जिसमें पहले नाम, फिर धर्म और उसके बाद जबरन कलमा पढ़ने के लिए कहा जाएगा, कपड़े उतरवा कर देखा जाएगा कि सुन्?नत हुई है या नहीं। तब जो लोग कलमा नहीं पढ़ पाएंगे या हिचकिचाएंगे, उन्हें वहीं पर गोलियों से भून डाला जाएगा।

# अश्वत्थामा शापित नहीं, बल्कि सप्तर्षि हैं

**महाभारत में खलनायक के रूप में चित्रित अश्वत्थामा एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। भारत में जब से न्यूज चैनल शुरू हुए हैं, लगभग हर हिंदी चैनल ने मध्यप्रदेश की नर्मदा नदी के किनारे या असीरगढ़ किले के मंदिर में पूजा करने वाले अश्वत्थामा पर स्टोरी दिखाई है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि महाभारत के 5000 वर्ष बाद भी यदि श्रीकृष्ण, कौरव और पांडवों के अलावा कोई सबसे चर्चित पात्र है**

**मनीष कुलकर्णी**

बीते वर्ष कल्कि-2898 ए.डी. नामक फिल्म प्रदर्शित हुई। इस काल्पनिक कथा में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा का पात्र निभाया है। साथ ही शाहिद कपूर की अश्वत्थामा फिल्म भी निमार्णाधीन है। इन फिल्मों के माध्यम से महाभारत में खलनायक के रूप में चित्रित अश्वत्थामा एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। भारत में जब से न्यूज चैनल शुरू हुए हैं, लगभग हर हिंदी चैनल ने मध्यप्रदेश की नर्मदा नदी के किनारे या असीरगढ़ किले के मंदिर में पूजा करने वाले अश्वत्थामा पर स्टोरी दिखाई है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि महाभारत के 5000 वर्ष बाद भी यदि श्रीकृष्ण, कौरव और पांडवों के अलावा कोई सबसे चर्चित पात्र है तो वह अश्वत्थामा है। मौजूदा समय में अधिकतर लोगों को अश्वत्थामा की पहली पहचान अपने घर के बड़ों द्वारा बोले जाने वाले सप्त चिरंजीवियों के श्लोक से हुई होगी। घर के धार्मिक वातावरण वाले दादा-दादी या नाना-नानी अपने

इस श्लोक के भावानुसार, जो व्यक्ति प्रतिदिन इन सात चिरंजीवियों और आठवें ऋषि मार्कण्डेय का स्मरण करता है, वह दीघार्यु और रोगमुक्त रहता है। अब प्रश्न उठता है- जो स्वयं घायल है, वह दूसरों को निरोग कैसे बना सकता है? यह विचार अपने आप यह सिद्ध करता है कि अश्वत्थामा के माथे पर नासूर बनी चोट केवल एक कल्पना है। क्योंकि यदि वह सचमुच घायल होता, तो श्लोक लिखने वाला उसे चिरंजीवियों की सूची में न रखता। यह पहला तार्किक विचार है। वही गोवर्धन के क्रियायोग गुरु शैलेन्द्र शर्मा अपने गहन अध्ययन के आधार पर अश्वत्थामा की एक अलग ही कहानी बताते हैं। शास्त्रों और धर्मग्रंथों का अध्ययन करने के बाद गुरुजी ने निष्कर्ष निकाला कि अश्वत्थामा केवल सप्त चिरंजीवी नहीं, बल्कि शापमुक्त भी हैं। इतना ही नहीं, उनका नाम आधुनिक सप्तर्षियों में भी लिया गया है और वे भविष्य के व्यास भी हैं। महाभारत में अश्वत्थामा का चरित्र प्रतिशोध और प्रायश्चित की गाथा है। महाभारत के शल्य पर्व के अनुसार, द्रोणाचार्य और कृपी ने पुत्र प्राप्ति के लिए हिमालय की तलहटी (आज के उत्तराखंड) में भगवान शिव की तपस्या की थी। द्रोणाचार्य ने शिव जैसे तेजस्वी और बलशाली पुत्र की इच्छा की थी। परिणामस्वरूप दिव्य मणि के साथ अश्वत्थामा का जन्म हुआ। जन्म लेते ही घोड़े जैसी आवाज में रोने के कारण उसका नाम अश्वत्थामा रखा गया। शिव पुराण में अश्वत्थामा को भगवान शिव का अवतार माना गया है। अश्वत्थामा का चरित्र करुण, रौद्र और बीभत्स रस से भरपूर है। बचपन में जब उनकी माँ कृपी ने उसे दूध की मांग पर आटे में पानी डालकर पिलाया, तब पहली बार उसकी करुण छवि दिखाई दी। महाभारत युद्ध में वह एक अपराजित योद्धा बनकर सामने आया, यह उसका रौद्र रूप था। युद्ध के अंतिम चरण में जब उसने द्रौपदी के 5 पुत्रों की हत्या की और उत्तरा के गर्भ पर ब्रह्मास्त्र चलाया, तब वह बीभत्स व अमानवीय प्रतीत हुआ, लेकिन यदि हम इसकी गहराई से पड़ताल करें तो यह सब उसके पिता द्रोणाचार्य की कपट से हुई हत्या का प्रतिशोध था। महाभारत युद्ध के दौरान पांडवों ने झूठी अफवाह फैलाई कि अश्वत्थामा मारा गया। यह सुनकर गुरु द्रोणाचार्य ने शस्त्र त्याग दिए और दृष्टद्युम्न ने उनकी हत्या कर दी। वहीं भीम द्वारा दुर्योधन को घायल करने के बाद अश्वत्थामा कौरव पक्ष का सेनापति बना। महाभारत के सौप्तिक पर्व के अनुसार, अश्वत्थामा, कृपाचार्य और कृतवर्मा रात को एक पेड़ के नीचे विश्राम कर रहे थे। वहीं एक उल्लू को उन्होंने देखा जो कौवों के बच्चों को मारकर खा गया। इससे उन्हें रात्रि में सोए हुए पांडवों के शिविर पर हमला करने का विचार आया। जब अश्वत्थामा पांडव शिविर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि स्वयं भगवान शंकर शिविर के रक्षक हैं। शिव के रूप का वर्णन महाकाल रूप में किया गया है। यहां वर्णित शिव जी व्याघ्रचर्मधारी, अनेक नेत्र और भुजाओं वाले, जिनके तेज से अनेक विष्णु प्रकट हो रहे हैं। यह दृश्य देखकर भी अश्वत्थामा रुका नहीं और शिव से युद्ध का निश्चय किया, लेकिन उसके सभी अस्त्र-शस्त्र शिव के शरीर में समा गए। इस पराजय से व्यथित होकर उसने आत्मदाह करने का निर्णय लिया। जैसे ही उसने अग्नि उत्पन्न कर उसमें कूदने की कोशिश की, स्वयं भगवान शिव प्रकट हुए। शिव ने उसमें प्रवेश किया और बोले, ह्लअब समय आ गया है, पांडवों की रक्षा का कार्य पूरा हुआ।ह्व शिव का किसी शरीर में प्रवेश करने का यह इकलौता उल्लेखित उदाहरण है। इसके बाद अश्वत्थामा ने शिव से प्राप्त खड्ग लेकर तथा भगवान शिव के आवेश से आवेशित हो कर पांडव शिविर में प्रवेश किया और जिसको देखा उसे मार डाला।

दृष्टद्युम्न की हत्या उसने मुक्के मारकर की और द्रौपदी के पांच पुत्रों को पांडव समझकर मार डाला। इस भीषण नरसंहार का वर्णन सौप्तिक पर्व में भयावह और सारगर्भित रूप से किया गया है। पांडव और श्रीकृष्ण उस रात शिविर में नहीं थे, वे पहले ही गंगा तट पर विश्राम के लिए चले गए थे। अगली सुबह जब वे लौटे, तो ब्रह्मास्त्र चलाने और उत्तरा के गर्भ पर हमला करने की घटना हुई। उसके बाद श्रीकृष्ण ने अश्वत्थामा से मणि निकाल ली और उसे 3 हजार वर्षों तक अकेले भटकने का शाप दिया।

यदि तर्क के आधार पर विचार करें तो आज महाभारत को 5000 वर्ष हो गए ऐसा मानें, तो अश्वत्थामा लगभग 2000 वर्ष पूर्व ही शापमुक्त हो गया होगा। भगवान से शाप मिलने के बाद अश्वत्थामा महर्षि वेदव्यास के पास गए और उपाय पूछा। व्यास ने उन्हें रामेश्वरम् जाकर कार्तिक स्नान और शिव उपासना करने का मार्ग बताया। अश्वत्थामा ने धनुषकोटि में एक महीने तक शिव की तपस्या की और कार्तिक की अंतिम रात शिव तांडव स्तोत्र का पाठ किया और हुए भगवान शिव ने उन्हें शापमुक्त किया। वहां एक शिलालेख आज भी है जिसमें लिखा है, यहां अश्वत्थामा शापमुक्त हुए थे। इसके बाद वे ब्रह्मर्षि बने। इसके बाद कि कथा हमें ब्रजभूमि में मिलती है। जहां मथुरा के पास शेरगढ़ गांव में भारद्वाज गोत्र के रेकॉर्ड कीपर रहते हैं। भारद्वाज गोत्र आज भी ब्राह्मणों का सबसे बड़ा गोत्र माना जाता है। वही शेरगढ़ के रेकॉर्ड कीपर्स के प्रमाण सुप्रीम कोर्ट तक में माने जाते हैं। इन रिकॉर्ड के अनुसार अश्वत्थामा ने शापमुक्ति के बाद 17 विवाह किए थे। वही विष्णु पुराण के अनुसार अश्वत्थामा सिर्फ चिरंजीवी ही नहीं बल्कि सप्तर्षि भी हैं और भविष्य में व्यास बनेंगे। कल्कि अवतार के समय पुराने सप्तर्षियों के स्थान पर नए सप्तर्षि होंगे- अश्वत्थामा, कृपाचार्य, परशुराम, विश्वामित्र, गालव, मार्कण्डेय और कृष्ण द्वैपायन। इसलिए अश्वत्थामा शापित है और आज भी तेल मांगता हैह्व- इस भ्रम में जीने की बजाय यदि हम महाभारत का सौप्तिक पर्व, स्कंद पुराण, शिव पुराण, विष्णु पुराण और भारद्वाज गोत्र का अध्ययन करें, तो स्पष्ट होता है कि अश्वत्थामा शापमुक्त हैं और भविष्य के व्यास भी। इन प्रमाणों को जानने के बाद हमारी शंकाएं दूर होती हैं और सत्य सामने आता है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# विकसित भारत की नींव में गांव और युवाओं की भूमिका

**पंचायती राज दिवस इसी संकल्प का प्रतीक है-एक ऐसा दिन जब हम लोकतंत्र को जड़ से मजबूत करने वाली संस्था 'पंचायत' की भूमिका को स्मरण करते हैं और उसके माध्यम से ग्रामीण विकास की दिशा में उठाए गए कदमों का मूल्यांकन करते हैं। आज जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरे करने की ओर अग्रसर है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत ₹विकसित भारत@2047₹ का विजन हम सबके सामने एक स्पष्ट लक्ष्य रखता है।**

**रामदयाल सैन**

नभारत की आत्मा उसके गांवों में बसती है। गांवों का विकास न केवल स्थानीय समृद्धि का सूचक है बल्कि यह राष्ट्रीय प्रगति और वैश्विक पहचान की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है। 24 अप्रैल को मनाया जाने वाला पंचायती राज दिवस इसी संकल्प का प्रतीक है-एक ऐसा दिन जब हम लोकतंत्र को जड़ से मजबूत करने वाली संस्था 'पंचायत' की भूमिका को स्मरण करते हैं और उसके माध्यम से ग्रामीण विकास की दिशा में उठाए गए कदमों का मूल्यांकन करते हैं। आज जब भारत आजादी के 100 वर्ष पूरे करने की ओर अग्रसर है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तुत ₹विकसित भारत@2047₹ का विजन हम सबके सामने एक स्पष्ट लक्ष्य रखता है: आत्मनिर्भर, समावेशी, टिकाऊ और तकनीक-संपन्न भारत। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पंचायती राज व्यवस्था और देश की युवा शक्ति की भागीदारी अनिवार्य है। भारत में पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा 73वें संविधान संशोधन अधिनियम (1992) के माध्यम से मिला, जिससे स्थानीय शासन व्यवस्था को तीन स्तरों परझ्र ग्राम पंचायत, पंचायत समिति (ब्लॉक स्तर) और जिला परिषदझ्र लागू किया गया। यह व्यवस्था जन-भागीदारी, स्थानीय स्वशासन और विकेन्द्रीकरण का आधार बनकर उभरी। ग्राम पंचायतें अब योजनाओं के क्रियान्वयन, बजट प्रबंधन, सामाजिक न्याय और सतत विकास के स्थानीय केंद्र बन गई हैं। हमें ज्ञात होना चाहिए कि पंचायती राज का उद्देश्य स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार योजनाएँ बनाना और लागू करना, ग्रामीण समुदायों को सशक्त और स्वावलंबी बनाना, सामाजिक न्याय, समावेशन और पारदर्शिता सुनिश्चित करना रहा है और इसकी प्राप्ति के लिए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। भारत एक युवा देश है-जहां 65% जनसंख्या 35 वर्ष से कम आयु की है। यदि यह युवा वर्ग पंचायती राज व्यवस्था से जुड़कर ग्राम विकास में सक्रिय हो, तो यह एक सामाजिक क्रांति का स्वरूप ले सकता है। युवा डिजिटल परिवर्तन के अगुवा कराए हुए पंचायतों में तकनीकी नवाचार ला सकते हैं- जैसे डिजिटल ग्राम प्रोफाइल, ऑनलाइन शिकायत निवारण, मोबाइल ऐप से विकास ट्रैकिंग, ई-गवर्नेंस का विषय गाँव के आमजन को जानकारी देते हुए सरकार द्वारा किए गए नवाचरों, योजनाओं ओर उन योजनाओं की मॉनिटरिंग को आमजन तक पहुंच सकते हैं। कृषि व उद्यमिता में नवाचार हेतु फार्म-टू-मार्केट, जैविक खेती, एग्री-स्टार्टअप्स, ग्रामीण पर्यटन जैसी पहलें युवाओं द्वारा संचालित की जा सकती हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान में भी शिक्षा में डिजिटल प्लेटफॉर्म, मोबाइल हेल्थ क्लिनिक, ग्रामीण पोषण योजना, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता जैसे प्रयासों में युवाओं की भूमिका अहम है। वहीं सामाजिक सुधार और नेतृत्व करते हुए बाल विवाह, नशा मुक्ति, पर्यावरण सुरक्षा, लैंगिक समानता जैसे विषयों पर युवाओं का नेतृत्व परिवर्तनकारी हो सकता है। वर्ष 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2030 तक प्राप्त किए जाने वाले 17 सतत विकास लक्ष्यों (रउङ्कः) को अपनाया गया, जिनका उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, पृथ्वी की रक्षा और सभी के लिए समृद्धि सुनिश्चित करना है। भारत ने इन लक्ष्यों को अपनाया और इन्हें स्थानीय स्तर पर लागू (छङ्ङ्'९३इङ्गल्ल ङ्गा रउङ्कः) करने के लिए विशेष प्रयास शुरू किए, जिससे विकास की असली नींव-ग्राम पंचायतें-सशक्त बन सकें। यही प्रक्रिया स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों (छरउङ्कः) के रूप में जानी जाती है। LSDGs का उद्देश्य वैश्विक LSDGs को स्थानीय संदर्भ और जरूरतों के अनुसार ढालना है। इसका मतलब है कि हर पंचायत, ब्लॉक, ज़िला और राज्य अपनी स्थानीय प्राथमिकताओं के अनुसार विकास कार्यों को योजनाबद्ध और लागू करे ताकि 2030 तक सभी लक्ष्य हासिल किए जा सकें। पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार इस दिशा में कार्य कर रहा है ताकि प्रत्येक पंचायत और उन पंचायतों में रहने वाले लोगों का समग्र ग्राम विकास कर और ग्राम पंचायतों को सशक्त बना सके। वर्तमान में ग्राम पंचायतों मे होने वाले विकास कार्य स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप किए जा रहे ताकि गाँव के समग्र विकास के साथ 2030 तक हम संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा तय किए गए सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति भी कर सके।

### स्थानीय सतत विकास लक्ष्य

1. गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका वाला गांवः राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान और पंचायती राज के अनुसार, गरीबी उन्मूलन और निवासियों की आर्थिक भलाई में सुधार पर ध्यान केंद्रित करता है।

2. स्वस्थ गांवः पंचायत विकास योजना अभियान के अनुसार, इसका उद्देश्य सभी निवासियों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करना और स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता और स्वस्थ रहने की स्थिति तक पहुँच सहित कल्याण को बढ़ावा देना है।

3. **बाल हितैषी गांवः** पंचायत विकास योजना अभियान के अनुसार, यह सुनिश्चित करता है कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जाए और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुँच मिले।

4. **जल-पर्याप्त गांवः** ग्राम के सभी निवासियों के लिए स्वच्छ और पर्याप्त जल संसाधनों तक पहुँच सुनिश्चित करने और स्थायी जल प्रबंधन प्रथाओं को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करता है।

5. स्वच्छ और हरित गांवः अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देकर, प्रदूषण को कम करके और हरित पहल को बढ़ावा देकर एक स्वच्छ और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ गांव बनाने का लक्ष्य।

6. **गांव में आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचाः** सड़क, जल आपूर्ति प्रणाली और स्वच्छता सुविधाओं जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे को विकसित करने और बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करता है।

7. **सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण और सामाजिक रूप से सुरक्षित गांवः** हाशिए पर पड़े समुदायों और विकलांग लोगों सहित सभी निवासियों के लिए सामाजिक समावेश, समानता और सुरक्षा को बढ़ावा देता है।

8. **सुशासन वाला गांवः** पंचायत विकास योजना अभियान के अनुसार, स्थानीय शासन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और भागीदारी सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करता है।

**(लेखक, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित पंचायती राज विशेषज्ञ एवं सलाहकार हैं।)**

# वरुथिनी एकादशी का व्रत करने से प्राप्त होता है वैकुंठ लोक

एकादशी तिथि जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु की पूजा-अर्चना के लिए सर्वश्रेष्ठ मानी गई है। वैशाख माह की कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को वरुथिनी एकादशी कहा जाता है। यह एकादशी तिथि न सिर्फ आध्यात्मिक उन्नति के लिए बल्कि सुख-समृद्धि और सौभाग्य का आशीर्वाद देने वाली मानी गई है। धार्मिक शास्त्रों में बताया गया है कि वैशाख का महीना भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय होता है। वहीं एकादशी तिथि स्वयं भगवान विष्णु को समर्पित होती है। ऐसे में वैशाख एकादशी तिथि का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इस बार 24 अप्रैल को वरुथिनी एकादशी का व्रत किया जा रहा है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है।



### तिथि और मुहूर्त

वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि की शुरूआत 23 अप्रैल 2025 की शाम 04:44 मिनट पर हुई है। वहीं आज यानी की 24 अप्रैल 2025 को दोपहर 02:31 मिनट पर इस तिथि की समाप्ति होगी। उदयातिथि के हिसाब से 24 अप्रैल 2025 को वरुथिनी एकादशी का व्रत किया जा रहा है।

### पूजन विधि

इस दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि कर सूर्यदेव को जल अर्पित करें और व्रत का संकल्प लें। फिर एक चौकी पर पीला कपड़ा बिछाकर श्रीहरि विष्णु की मूर्ति स्थापित करें। इसके बाद उनको रोली, मौली, अक्षत, पीला चंदन, पीले पुष्प और मिष्ठान आदि अर्पित करें। अब धूप-दीप जलाकर आरती करें और 'ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय नमः' मंत्र का जाप करें। इस दिन विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करना भी लाभकारी होता है। व्रत के दौरान क्रोध, निंदा, झूठ और द्वेष आदि से दूर रहना चाहिए। इस व्रत को करने से जातक को सभी पापों से मुक्ति मिलती है और परमगति की प्राप्ति होती है।

### महत्व

पद्मपुराण के मुताबिक वरुथिनी एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति को उतना पुण्यफल मिलता है, जितना तप, कन्यादान और यज्ञ आदि से मिलती है। वरुथिनी एकादशी का व्रत लोक में सुख-सौभाग्य प्रदान करने वाली मानी जाती है। यह व्रत उन जातकों के लिए विशेष लाभकारी माना जाता है, जो जीवन में शारीरिक, मानसिक या आर्थिक कष्ट से गुजर रहे हैं। इस व्रत के प्रभाव से जातक को सांसारिक सुखों के अलावा भगवान विष्णु के लोक वैकुण्ठ की प्राप्ति होती है।

## सेहत

### बढ़ती उम्र में जवां दिखने के लिए महिलाएं रोजाना करें ये एक्सरसाइज

हर महिला के लिए 30-40 साल की उम्र का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि इस दौरान महिलाओं के शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव होते हैं। जो महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्थिति को प्रभावित करते हैं। इन हार्मोनल बदलाव की वजह से 30 से 40 साल की उम्र की महिलाओं को मेटाबॉलिज्म भी धीमा हो जाता है। जिसकी वजह से महिलाओं को पाचन संबंधी समस्या और वजन आदि बढ़ने लगता है। वहीं 30 से 40 साल की उम्र में हेल्दी और फिट रहने के लिए महिलाओं को एक्सरसाइज जरूर करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस उम्र में महिलाओं को कौन सी एक्सरसाइज करना चाहिए।

#### कार्डियो एक्सरसाइज

रोजाना 30 से 40 साल की उम्र वाली महिलाओं को कार्डियो एक्सरसाइज करना चाहिए। क्योंकि इससे आपकी दिल की सेहत में सुधार होता है और वेट कंट्रोल होता है। इसलिए रोजाना 30 मिनट जॉगिंग, वॉकिंग, स्विमिंग या साइकिलिंग जैसी एक्सरसाइज करना चाहिए। कार्डियो करने से उम्र के साथ हार्मोन असंतुलन भी ठीक होता है।

#### पिलाटेज

रोजाना 20 से 25 मिनट तक पिलाटेज एक्सरसाइज करने से महिलाओं की कोर स्ट्रेंथ मजबूत होती है और बैलेंस को मेंनटेन करने में सहायता मिलती है। वहीं 30 उम्र के बाद कमर, पीठ और शरीर के दर्द से राहत मिलती है।

#### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग

स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करने से महिलाओं की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसलिए रोजाना पुशअप्स, स्क्वाट्स और वेट लिफ्टिंग जैसी एक्सरसाइज करना महिलाओं के लिए फायदेमंद होता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### नशा खुरानी का शिकार हुए एक युवक को हावड़ा जयनगर ट्रेन से बरामद

**साहिबगंज :** आरपीएफ पुलिस ने नशा खुरानी का शिकार हुए एक युवक को हावड़ा जयनगर ट्रेन से बरामद किया है। आरपीएफ ने युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। युवक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है।बताया था रहा हैं कि युवक बेहोशी की अवस्था में हावड़ा जयनगर बरौनी ट्रेन में मिला था युवक की पास से कोई भी सामान नहीं मिला है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### चौकीदार बहाली 470 सफल अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच

**साहिबगंज :** सिद्धो- कान्हू स्टेडियम में शारीरिक जांच में सफल हुए 470 अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच सोमवार से सदर अस्पताल स्थित वेयरहाउस में शुरू हो गई है। जिसमें चयनित अभ्यर्थियों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। अंतिम दिन कुल 150 में से 150 उपस्थित हुए।मेडिकल जांच की प्रक्रिया दंडाधिकारी सह प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजीव पांडेय की निगरानी में संपन्न हुई। मेडिकल बोर्ड में डॉ. सचिन, डॉ. तबरेज आलम, डॉ. राहुल कुमार वर्मा, डॉ. जूही, एएनएम अर्चना कुमारी और प्रशिक्षु फार्मासिस्ट राहुल कुमार सिंह शामिल थे। टीम ने अभ्यर्थियों की विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए और उनकी शारीरिक स्थिति का मूल्यांकन किया।स्वास्थ्य जांच पूरी होने के बाद सभी अभ्यर्थियों से उनके मूल प्रमाण पत्र जमा लिए गए। प्रमाण पत्र जमा करने के बदले अभ्यर्थियों को पावती भी दी गई।ताकि दस्तावेजों की सुरक्षा और पारदर्शिता बनी रहे।गौरतलब है कि चौकीदार के पद पर सीधी नियुक्ति के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षण 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक सिद्धो कान्हू स्टेडियम में आयोजित किया गया था।जिसमें दौड़ और साइक्लिंग जैसी गतिविधियों में प्रदर्शन के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया गया था। अब चयनित अभ्यर्थियों की मेडिकल जांच प्रक्रिया अंतिम चरण में है, जिसके पूरा होने के बाद बहाली की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

### सिमेंट लदा ट्रैक्टर पलटा घंटों रहा जाम



**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र के टमटम स्टैंड स्थित गुरुवार की सुबह लगभग 5:30 बजे सीमेंट लदा ट्रैक्टर का अचानक से एक चक्का टुट जाने के कारण डाला पलट गया। जिस कारण एन एच 80 घंटों जाम हो गया। इस संदर्भ में स्थानीय लोगों के द्वारा इस दुर्घटना का सूचना नगर थाना प्रभारी को दिया। सूचना मिलते ही अपने बलदल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले को समझते हुए एक घंटा के भीतर जाम को हटाया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

### पहलगाम आतंकी हमला का मुहतोड़ जबाब दे भारत : सत्यप्रकाश सिन्हा



**साहिबगंज :** भाजपा नेता सत्य प्रकाश सिन्हा ने कहा कि पहलगाम मे पर्यटको पर जिस प्रकार पाकिस्तान से आए आतंकियो ने कायराने तरिके से हमला कर 28 बेगुनाह लोगो कि हत्या कि उसकि जितनी भी निंदा कि जाए वो कम है।उन्होंने कहा की सीमापार वाले मुल्क पुरे विश्व मे कटोरा लेकर भीख तो मागकर उगाए गए पैसे का उपयोग सिर्फ और सिर्फ आतंक को बढावा देने मे करते है इन बातो को पुरा विश्व को समझना होगा।भाजपा नेता ने कहा की पाकिस्तान आतंक का अड्डा बन चुका है जिसका मात्र एक मक्सद रह गया है मानवता का विनाश।भारत सरकार को अविलंब इसपर कठोर कदम उठाना चाहिए और आतंक के खातमे के लिए आतंकवादियों पर त्वरित कार्यवाई करनी चाहिए ताकि मानवता का गला घोटने वालो को यह एहसास हो सके यह नया भारत है यहा हर उस गुनेहगार का हिसाब होगा जो भारत कि तरफ तिरछी नजरे से देखेगा।

### वीर कुंवर सिंह प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक थे : सुनील



**साहिबगंज :** विद्या भारती विद्यालय,जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,साहेबगंज के वंदना कक्ष में वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई।जयंती समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील पंडित ने वीर कुंवर सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया।जयंती समारोह को संबोधित करते हुए सुनील पंडित ने बताया कि वीर कुंवर सिंह सन 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक थे।उनका परिवार राजा विक्रमादित्य और राजा भोज का वंशज माना जाता है।आचार्या दीपशिखा कुमारी ने बताया कि वीर कुंवर बिहार के रजवाड़ों को अंग्रेजों के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान किया।जयंती समारोह में कक्षा षष्ठ की बहन तुलसी कुमारी एवं कक्षा दशम की बहन नंदनी कुमारी ने वीर कुंवर सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।जयंती समारोह का संचालन आचार्य श्यामा प्रसाद ने किया।जयंती समारोह में विद्यालय के आचार्य अमित कुमार,राघव वत्स,अजय कुमार साह,अजीत कुमार मालवीय,किरण कुमारी गुप्ता,अर्चना वर्मा,लिपिका राज सिंह,निर्मला कुमारी,स्नेहा भारद्वाज,सारिका कुमारी,क्रिस्टीना मुर्मू,दीपशिखा कुमारी,सोनी कुमारी,टीनू पाण्डेय एवं विद्यालय के समस्त भैया/बहन उपस्थित थे।

# कार्यों में तेजी लाएं और यह सुनिश्चित करें और सभी योजनाएं निर्धारित समय पर पूर्ण हों : उपायुक्त



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में डीएम एफटी, अनाबद्ध निधि, आकांक्षी मद नीति आयोग आदि मद के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में अनाबद्ध निधिआकांक्षी मद, नीति आयोग आदि मद के तहत संचालित योजनाओं एवं वित्तीय वर्ष 2024-2025 की प्रगति की जानकारी ली गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल, असैनिक शल्य चिकित्सा,भवन प्रमंडल, समेकित जनजातीय विकास अभिकरण एवं नगर परिषद के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।समीक्षा के क्रम में सदर अस्पताल में पेइंग वार्ड निर्माण,प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का कार्य, संध्या महाविद्यालय के समीप महिला शौचालय , मध्य विद्यालय सकरीगली, बरहेट में छह अतिरिक्त कक्षा का निर्माण, बाल गृह भवन की मरम्मती कार्य, राजमहल प्रखंड अंतर्गत छोटा हरीशचंद्रपुर में विश्राम गृह का निर्माण, साहेबगंज जिला में वेस्ट वंडर पार्क निर्माण,पीभीटीजीएस समुदाय परिवारों को रोजगार के अवसर प्रदान हेतु मशरूम उत्पादन, जिला स्तरीय खेल उपकरण उपलब्धता, मुख्यमंत्री रख-रखाव योजना की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली गई।बोरियो प्रखंड के बांझी, बंदरकोला, चांदवासी में स्थित एसटी,एससी आवासीय बालक उच्च विद्यालय में पीवीटीजी छात्रों के लिए मॉड्यूलर किचन सह डाइनिंग हॉल के उन्नयन की समीक्षा की गई।प्रबंधकीय समिति के तहत कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव भी पारित किए गए।जिनमें कल्याण विभाग के प्रत्येक आवासीय विद्यालय में दो शिक्षकों की नियुक्ति, मॉडल किचन के लिए सामग्री की उपलब्धता एवं अन्य व्यवस्थाओं का प्रस्ताव शामिल है।बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, नगर प्रशासन अभिषेक कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।जिला दंडाधिकारी हेमंत सती ने निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने कार्यों में तेजी लाएं और यह सुनिश्चित करें कि सभी योजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हों।

### पुलिस युवक युवती की तलाश में साहिबगंज पहुंची

**साहिबगंज:** बाखरपुर थाना क्षेत्र की पुलिस युवक युवती की तलाश में साहिबगंज पहुंची जहां गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार को युवक युवती के मामले की जानकारी दी। जहां गंगा नदी थाना पुलिस के सहयोग से बाखरपुर पुलिस ने गंगा नदी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में दोनों के बरामदगी के लिए छापेमारी अभियान चलाया। बताया जा रहा है कि बाखरपुर गांव में एक युवक युवती शादी करने की नीयत से दोनों भाग निकले और शादी कर किसी रिश्तेदार के यहां रामपुर गांव में शरण ले लिया। इधर युवती के स्वजनों के दिए गए आवेदन के आधार पर बाखरपुरा पुलिस मामले के अनुसंधान में जुट गई।बाखरपुर थाना के सब इंस्पेक्टर खुशबू कुमारी अपने दल बल के साथ दोनों की बरामदगी के लिए गंगा नदी थाना पहुंची।

## भारत के विरुद्ध पाक जिहादी युद्ध का कठोरतम जबाव जरूरी : पंकज



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रदेश प्रचार प्रसार प्रमुख पंकज मंडल जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुई भीषण आतंकी घटना की निंदा करते हुए कहा है कि अब समय आ गया है कि इस्लामिक जिहादी पाकिस्तान व उसके कश्मीरी स्लीपर सेल के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कर घाटी में पुनः सिर उठाने का दुस्साहस करने वाले मजहबी आतंकवाद का समूल नाश हो। उन्होंने कहा है कि कश्मीर घाटी के पहलगाम में जिस प्रकार पर्यटकों का धर्म पूछकर आईडी चेक कर, जब यह सुनिश्चित हो गया कि वे मुस्लिम नहीं है।उनका नरसंहार किया गया। घोर निंदनीय है। इस अमानवीय घटना पर संपूर्ण देश स्तब्ध व आक्रोशित है। यह साफ दिखाई दे रहा है। कि 1990 के आतंकवाद के दिनों की वापसी का दुस्साहस हो रहा है।उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के स्लीपर सेल आज भी मौजूद हैं।जो पाकिस्तान के इशारे पर कभी भी आतंकवाद के इन घृणित घटनाओं को करने के लिए तत्पर रहते हैं। विहिप नेताओं ने यह भी कहा कि यह कोई सामान्य आतंकवादी घटना नहीं अपितु, पाकिस्तान का भारत के विरुद्ध खुले युद्ध की घोषणा है। इसका जवाब भारत सरकार को उतनी ही शक्ति से देना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आतंकवाद के दिन दोबारा लौटने ना पाए। कुछ लोग कहते हैं। कि आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता लेकिन उसका मजहब अवश्य होता है। वह इस घटना में साफ दिखाई देता है। पूरा देश आक्रोशित है तथा इस नृशंस एवं अमानवीय घटना की निंदा कर रहा है। इस घटना पर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंगदल के कार्यकर्ता 25 अप्रैल 2025 को पूरे राज्य में जिला केंद्र और प्रखंड स्तर पर आक्रोश प्रदर्शन व घटना में मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना एवं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

## कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में भाजपा ने निकाली आक्रोश रैली



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** पहलगाम कश्मीर में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में भाजपा जिला कमेटी की ओर से एक आक्रोश रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ पोखरिया स्थित टाउन हॉल से होकर साक्षरता चौक,विकास भवन रोड होते हुए समाहरणालय तक पहुंची। रैली की अगुवाई भाजपा जिला अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल ने की। रैली के दौरान पाकिस्तान के विरोध में नारेबाजी की गई। कहा गया कि हिंदुओं को टारगेट कर उन्हें मारना बंद करो। आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग की गई। समाहरणालय पहुंचने के बाद पहुंचकर 2 मिनट मौन रखकर आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। बाद में भाजपा का एक शिष्ट मंडल उपायुक्त से मिलकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन समर्पित किया। ज्ञापन के माध्यम से आतंकवादियों का मुंह तोड़ जवाब देने, आतंकवादी गतिविधियों को संगठन देने वाली ताकतों के खिलाफ कार्रवाई करने सहित अन्य मांगे की गई। रैली में भाजपा के वरिष्ठ नेता गणेश प्रसाद तिवारी, रामानंद साह, राजेश मंडल, कुमारी गरिमा, प्रदीप अग्रवाल चंद्रभान शर्मा साइट बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। दरअसल जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में बीते मंगलवार को आतंकियों ने पुलिस की वर्दी में पर्यटकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी थी। इस हमले में 28 लोगों की मौत होने की आशंका है।वहीं 12 पर्यटक घायल थे। हमला बैसरन घाटी में हुआ था।जहां केवल पैदल या खच्चरों से पहुंचा जा सकता है। सुबह पर्यटकों का एक समूह वहां घूमने गया था। अज्ञात हमलावरों ने पर्यटकों पर नजदीक से गोलियां चलाईं थी।यह घटना ऐसे समय हुई है जब वर्षों तक आतंकवाद से जूझने के बाद कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि देखी जा रही है। इसके अलावा 38 दिवसीय अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होनी है। घटना के विरोध में आज कश्मीर बंद का आह्वान का किया गया है।

## स्कूली बच्चियों को निःशुल्क पोशाक दिया गया



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** जिले के डोमचांच प्रखंड अंतर्गत फुलवरिया पंचायत में संचालित सत्यम शिवम सुंदरम +2 उच्च विद्यालय फुलवरिया में निःशुल्क पोशाक वितरण समारोह का आयोजन 24 अप्रैल 2025 दिन गुरुवार को किया गया.सत्र 2025-26 में नामांकन लेने वाले नए विद्यार्थी को विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से निःशुल्क पोशाक वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक सुखदेव हजाम,वरिष्ठ शिक्षक आशीष मिस्त्री,प्राचार्य रामकृष्ण मेहता,शिक्षक प्रदीप कुमार मेहता,अरुण कुमार,शिक्षिका ममता कुमारी के कर कमलों द्वारा किया गया.पोशाक पाकर विद्यार्थी के चेहरे पर मुस्कान देखा गया.वहीं अभिभावक में खुशी का लहर दौड़ गया.अभिभावक विद्यालय परिवार का खूब प्रशंसा कर रहे हैं.ग्रामीण क्षेत्र में विद्यालय की ओर से इस प्रकार का गरीब अभिभावक के बच्चियों को प्रोत्साहित करना काबिले तारीफ है.विद्यालय के निदेशक सुखदेव हजाम ने बताया कि नए सत्र 2025-26 में नामांकन लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंध समिति की ओर से भविष्य में भी निःशुल्क पोशाक वितरण किया जाएगा. निःशुल्क नामांकन जारी है.मेरे विद्यालय में कुल नामांकित बच्चों में शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत 25% बच्चे-बच्चियों को निःशुल्क शिक्षा भी दिया जाता है इतना ही नहीं जिन विद्यार्थी के पिता का आकस्मिक निधन हो गया है उन विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है. तथा उन विद्यार्थियों से किसी प्रकार के भी शुल्क नहीं लिया जाता है.विद्यालय में प्रति कक्षा में मात्र 30 विद्यार्थी का ही सीट सीमित है.विद्यालय की ओर से दिया जा रहा सुविधा एवं प्रोत्साहन के लिए विद्यालय की चर्चा चौक चौराहे एवं गलियारे में खूब हो रही है.निःशुल्क पोशाक वितरण कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ- साथ अभिभावक की भी गरिमामय उपस्थिति रही.विद्यालय में अध्यनरत बच्चियों के अभिभावक ने कहा कि यह विद्यालय कोडरमा जिला में इकलौता विद्यालय है जो इस प्रकार के सुविधा मुहैया कराते हैं.यह विद्यालय लगातार इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर अपना मिसाल छोड़ रहा है।

### यूजी सेमेस्टर-2 की परीक्षा प्रारंभ

**दुमका :** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका में बुधवार से एनईपी के तहत संचालित स्नातक सेमेस्टर-2 के परीक्षा की शुरूआत हो गई। इस परीक्षा में लगभग 35,000 छात्र भाग ले रहे हैं। परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने सभी विषयों को तीन समूहों में विभाजित किया है।

ग्रुप ए में रसायन शास्त्र, भूगोल, भूविज्ञान, गृह विज्ञान, भौतिकी, मनोविज्ञान, प्राणीशास्त्र और कंप्यूटर एप्लीकेशन जैसे विषय शामिल हैं। ग्रुप बी में बंगाली, वनस्पति शास्त्र, वाणिज्य, अंग्रेजी, हिंदी, गणित, दर्शनशास्त्र, संस्कृत, संथाली, सांख्यिकी, उर्दू और फारसी जैसे विषय हैं। ग्रुप सी में प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, मानवशास्त्र, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं, गांधीवादी विचारधारा, अर्थशास्त्र, इतिहास, श्रम और समाज कल्याण, प्रबंधन, राजनीति विज्ञान, ग्रामीण अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र जैसे विषय शामिल किए गए हैं।

बुधवार को परीक्षा के पहले दिन ग्रुप ए और बी के सभी विषयों की मेजर-2 परीक्षा क्रमशः प्रथम और द्वितीय पाली में आयोजित की गई। परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह ने बताया कि इस परीक्षा के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें लगभग 35,000 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों के केंद्राधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि परीक्षा कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न हो।

परीक्षा ओएसडी डॉ. इंद्रनील मंडल ने जानकारी दी कि परीक्षा का पहला दिन सभी 23 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में कदाचारमुक्त संपन्न हुआ। आज गुरुवार को केवल प्रथम पाली में परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें ग्रुप सी के सभी विषयों की मेजर-2 परीक्षा ली जाएगी। उल्लेखनीय है कि यह परीक्षा 23 अप्रैल से 7 मई तक चलेगी।

### एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभनपुर गांव में मंगलवार की शाम एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मुफस्सिल थाना प्रभारी को सूचना मिलते ही दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।जहां डाक्टर ने बुधवार को पोस्टमार्टम किया।हालांकि अज्ञात शव की पहचान अबतक नहीं हो पाई है।पुलिस उसकी पहचान के लिए पोस्टमार्टम रूम स्थित मोर्चरी में 72 घंटा के लिए रखवा दिया है। थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि शव की पहचान के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## अपहृत महिला का 16वे दिन हुआ शव बरामद



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के तीनपहाड़-बोरियो मुख्य सड़क के बीच स्थित चमदी जंगल में एक विवाहित महिला की क्षत-विक्षत मानव कंकाल मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। वहीं सुनसान जंगल में क्षत-विक्षत मानव कंकाल को देखकर यह प्रतीत होता है ।कि महिला के साथ दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी गई है।आगे आपको बता दें कि पुलिस टीम ने मानव कंकाल के शव के पास से एक बैंक पासबुक, महिला का काला रंग का चप्पल,थैला और दुपट्टा भी बरामद किया है,जिससे मृतका की पहचान की संभावनाएं मजबूत हो गई हैं। आगे आपको बता दें की उक्तास्थल से पुलिस को मिली बैंक पासबुक के आधार पर महिला राजमहल थाना क्षेत्र के मलाही टोला गांव के निवासी नित्यानंद कर्मकार की पत्नी होने की आशंका जाहिर किया गया है। अपहृत महिला के पति नित्यानंद कर्मकार ने अपनी पत्नी ऋतु देवी के अपहरण की शिकायत 8 अप्रैल को राजमहल थाना में दर्ज कराई थी। उन्होंने अपने आवेदन में स्पष्ट रूप से गणेश साहा नामक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई थी।फिलहाल पुलिस खौफनाक वारदात से जुड़ी एक-एक कड़ी को जोड़कर मामले की छानबीन में जुट गई। हत्या होने के बाद पुलिस की जांच हुई रेस। अपरित महिला के पति ने थाने में दो बार शिकायत कर पत्नी की बरामदगी की लगाई थी। गुहार। समय पर नहीं हुई कार्रवाई, अपहृत महिला के पति ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे दो बार दिए गए शिकायत पर पुलिस समय पर कार्य करती तो मेरी पत्नी की जान बचाई जा सकती थी, मेरे दो बच्चे बिना मन के अनाथ हो चुके हैं इसका जिम्मेदार कौन है?

# फेडरेशन कप 2025: विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में बनाया नया रिकॉर्ड

एजेंसी



**कोच्चि :** तमिलनाडु की 26 वर्षीय ओलंपियन विथ्या रामराज ने बुधवार को 28वीं राष्ट्रीय फेडरेशन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में नया मीट रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 56.04 सेकंड का समय निकालते हुए पिछले 6 वर्षों से कायम रिकॉर्ड को तोड़ा और दूसरे स्थान पर रहीं अनु राघवन से 2 सेकंड से अधिक का अंतर रखा। विथ्या ने एशियन गेम्स में पी.टी. उषा के 41 साल पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी (55.42 सेकंड) की थी और अब वह इसे तोड़ने के लिए तैयार दिख रही हैं। उनका कहना है, ह्लअगर रेस एक दिन बाद होती तो मैं 54 सेकंड के भीतर दौड़ जाती। मेरा लक्ष्य है इस साल 54 सेकंड का समय निकालना।ह्व

पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में यशस की बेस्ट परफॉर्मेंस

कर्नाटक के पी. यशस ने पुरुषों की 400 मीटर बाधा दौड़ में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 49.32 सेकंड के साथ जीत दर्ज की, लेकिन एशियन चैंपियनशिप के लिए तय 49.19 सेकंड के क्वालिफिकेशन मार्क से चूक गए।

**ट्रिपल जंप में निहारिका वशिष्ठ का गोल्डन कमबैक**

महाराजा स्टेडियम के एक अन्य कोने में, पंजाब की नेशनल गेम्स चैंपियन निहारिका वशिष्ठ ने आखिरी राउंड में 13.49 मीटर की शानदार छलांग लगाकर केरल की सैंड्रा बाबू को मात्र 1 सेमी से पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल जीता। इंस्टाग्राम पर 2.4 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स वाली निहारिका ने दो साल के डोपिंग बैन के बाद फरवरी 2022 में वापसी की थी और अब पहले से कहीं ज्यादा मजबूत दिख रही हैं। उन्होंने एक साल में अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन में 40 सेमी से अधिक का सुधार किया है।

# अरशद नदीम ने नीरज चोपड़ा के न्यौते को ठुकराया, एशियन चैंपियनशिप की तैयारी में जुटे

एजेंसी



**नई दिल्ली :** पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम ने नीरज चोपड़ा के जेवलिन इवेंट 'एनसी क्लासिक' में भाग लेने से इनकार कर दिया है। यह फैसला उन्होंने आगामी एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी को प्राथमिकता देते हुए लिया है। हालांकि, उन्होंने नीरज के निमंत्रण के लिए उनका आभार जताया है। 24 मई को बेंगलुरु में आयोजित होने वाले 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' में अरशद नदीम की गैरमौजूदगी रहेगी। नदीम ने बुधवार को एक बयान में कहा, ह्लएनसी क्लासिक इवेंट 20 से 24 मई के बीच है, जबकि मैं 22 मई को कोरिया रवाना हो रहा हूं।ह्व वे 27 से 31 मई तक कोरिया के गुमी शहर में होने वाली एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारी में जुटे हैं। इससे पहले सोमवार को नीरज चोपड़ा ने मीडिया से बातचीत में बताया था कि उन्होंने अर्शद को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया है। नीरज ने कहा, मैंने अरशद को निमंत्रण भेजा था। उन्होंने कहा था कि कोच से बात कर के जवाब देंगे। स्टार एथलीट्स से सजा रहेगा एनसी क्लासिक 'नीरज चोपड़ा क्लासिक' के पहले संस्करण में कई दिग्गज एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। ग्रेनेडा के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के 2016 ओलंपिक स्वर्ण विजेता थॉमस रोहलर, केन्या के 2016 रियो ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट जूलियस येगो और अमेरिका के करंट सीजन लीडर कर्टिस थॉम्पसन (87.76 मीटर) की भागीदारी तय है। वर्ल्ड एथलेटिक्स से मिला कैटेगरी ए का दर्जा इस प्रतिष्ठित इवेंट को वर्ल्ड एथलेटिक्स की तरफ से कैटेगरी ह्यएह्न का दर्जा मिला है। इसे नीरज चोपड़ा और जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स द्वारा एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) और वर्ल्ड एथलेटिक्स के साथ मिलकर आयोजित किया जा रहा है।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम घोषित,अनामुल हक की तीन साल बाद वापसी

**ढाका :** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी)ने बुधवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। यह मुकाबला 28 अप्रैल से चटगांव के बीर श्रेष्ठ फ्लाइट लेफ्टिनेंट मतीउर रहमान स्टेडियम में खेला जाएगा। टीम में दो बदलाव किए गए हैं, जिनमें सबसे बड़ी वापसी अनामुल हक की है, जो करीब तीन साल बाद टेस्ट टीम में लौटे हैं। अनामुल हक इस समय



ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग में शानदार फॉर्म में हैं और हाल ही में वह मान्यता प्राप्त क्रिकेट में 50 शतक लगाने वाले पहले बांग्लादेशी बल्लेबाज बने हैं। 32 वर्षीय अनामुल ने पिछली बार साल 2022 में टेस्ट क्रिकेट खेला था। टीम से बाहर किए गए जाकिर हसन को पहले टेस्ट में मौका नहीं मिला था, और अब उन्हें पूरी तरह से ड्रॉप कर दिया गया है। टीम में दूसरा बदलाव तेज गेंदबाज नाहिद राणा की जगह हुआ है, जिन्हें पीएसएल में पेशावर जल्मी की ओर से खेलने की संभावना है। उनकी जगह बाएं हाथ के स्पिनर तनवीर इस्लाम को शामिल किया गया है, जो अब तक टेस्ट में डेब्यू नहीं कर पाए हैं। नजमुल हसन शान्तो (कप्तान), महमुदुल हसन जॉय, शादमान इस्लाम, अनामुल हक बिजॉय, मोमिनुल हक, मुशफिकुर रहीम, महिदुल इस्लाम भुइयां अंकन, जाकेर अली अनिक, मेहदी हसन मिराज (उपकप्तान), तैजुल इस्लाम, नईम हसन, तनवीर इस्लाम, हसन महमूद, सैयद खालेद अहमद, तंजीम हसन शाकिब।

## न्यूजीलैंड क्रिकेट ने नई एमएलसी फ्रेंचाइजी के साथ की रणनीतिक साझेदारी की घोषणा

**वेलिंगटन :** न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने संयुक्त राज्य अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) की एक आगामी टीम के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। यह टीम वर्ष 2027 में अपना पदार्पण करेगी और इसका स्वामित्व 'टू नॉर्थ स्पोर्ट्स वेंचर्स' नामक समूह के पास है, जिसका संचालन एमएलसी के सह-संस्थापक समीर मेहता और विजय श्रीनिवासन कर रहे हैं। इस समूह में अमेरिका की राष्ट्रीय फुटबॉल लीग (एनएफएल) की टीम 'सैन फ्रांसिस्को 49र्स' की निवेश शाखा भी भागीदार होगी। उक्रिकेट संचालन की ज़िम्मेदारी एनजेडसी के पास इस समझौते के अंतर्गत एनजेडसी न केवल टीम में अंशधारक बनेगा, बल्कि उसके क्रिकेट संचालन, खिलाड़ियों के विकास और उच्च प्रदर्शन कार्यक्रमों की ज़िम्मेदारी भी संभालेगा। इसके लिए प्रशिक्षकों, अनुबंधित खिलाड़ियों और घरेलू क्रिकेट प्रणाली का समन्वय किया जाएगा।

# नेपो किड्स पर नुसरत ने साधा निशाना



बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा इस समय अपनी फिल्म छोरी 2 से चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने सिनेमा की दुनिया में अपने संघर्षों को लेकर बात की। इसके अलावा अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया में एंट्री के किसी दरवाजे का का भी किया जिक्र। हाल ही में अभिनेत्री नुसरत भरूचा ने अपने सिनेमाई संघर्षों के बारे में बात की और नाखुश दिखीं। अभिनेत्री ने बताया कि कैसे जान-पहचान वालों के लिए सिनेमा में जगह बनाना आसान हो जाता है। साथ ही उन्होंने बताया कि निर्देशकों से एक बार मिलने के लिए उन्हें बहुत संघर्ष करने पड़े थे।

**नुसरत भरूचा ने क्या कहा?**

अभिनेत्री नुसरत भरूचा इस समय अपनी फिल्म छोरी 2 के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी दौरान वह शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में पहुंची, जहां उन्होंने बॉलीवुड इंडस्ट्री के बारे में बात की। अभिनेत्री ने कहा कि उन लोगों को इंडस्ट्री से बहुत फायदा होता है, जिन्हें लोग पहले से पहचानते हैं या फिर उनके माता-पिता को जानते हैं। जान-पहचान की वजह से वो लोग उस जगह पर पहुंच जाते हैं, जहां इंडस्ट्री में नए एक्टर्स नहीं पहुंच पाते हैं। इसके अलावा एक्ट्रेस ने बताया कि वो उन दरवाजों पर दस्तक दे सकते हैं, जिन्हें नए या अनजान लोगों को पता नही होता है, जिस कारण वह आसानी से अपने लक्ष्य की ओर पहुंच जाते हैं। इसी वजह से उन लोगों को काम आसानी से मिल जाता है।

**अभिनेत्री ने अपने संघर्ष की सुनाई कहानी**

आगे बातचीत में अभिनेत्री ने अपने संघर्ष के दिनों के बारे में बताया कि उन्हें किसी फिल्म निर्माता या निर्देशक से मिलने के लिए भी बहुत संघर्ष करने पड़ते थे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि वह किसी को नेपो किड्स नहीं कहना चाहेंगी, क्योंकि सबके अपने-अपने संघर्ष हैं।

वहीं, उन्होंने कुछ नामों का भी जिक्र किया, जिन्होंने अभिनेत्री के मुश्किल दिनों में उनकी सहायता की। नुसरत ने बाताया कि निर्देशक कबीर खान ने उन्हें मिलने का समय दिया और उनका दिन बन गया था, इस वजह से वह कई दिनों तक खुश रही थी।



कुणाल ने बताया ज्वेल थीफ की शूटिंग का अनुभव

# सैफ देर से आते थे, उनके साथ काम करना मुश्किल

सैफ अली खान इन दिनों अपनी आगामी हीस्ट ड्रामा थ्रिलर फिल्म ज्वेल थीफ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनके साथ कुणाल कपूर भी मुख्य भूमिका में हैं। अब कुणाल ने सैफ के साथ शूटिंग का अनुभव साझा किया है।

सैफ अली खान नेटफ्लिक्स की आगामी एक्शन से भरपूर हीस्ट थ्रिलर फिल्म ज्वेल थीफ में एक चालाक चोर की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म इस हफ्ते ही रिलीज होने वाली है। वहीं, तेजी से फिल्म का प्रचार भी शुरू हो चुका है। अब इस दौरान जयदीप अहलावत, कुणाल कपूर और निकिता दत्ता हाल ही में अपने फिल्मांकन के अनुभव के बारे में एक मजेदार बातचीत के लिए बैठे। इस दौरान कुणाल के चुटीले अंदाज ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

### कुणाल कपूर ने साझा किया शूटिंग का अनुभव

जयदीप और निकिता ने सेट पर की गई सारी मस्ती को याद किया। फिल्मीज्ञान के साथ बातचीत में कुणाल ने मजाक में दावा किया कि उनका अनुभव बिल्कुल अलग था। उन्होंने कहा, अकेलापन इसलिए क्योंकि मैं फिल्म में उनके साथ नहीं हूं, मैं उनका पीछा कर रहा हूं, इसलिए मैं सेट पर अकेला था। ये लोग साथ में खूब मस्ती करते थे।

### सैफ के साथ काम करने का अनुभव

सैफ के साथ काम करने के बारे में पूछे जाने पर कुणाल ने कुछ चुटकुले सुनाए। उन्होंने मजाक में कहा, वह एक दर्द है। उसके साथ काम करना मुश्किल था। वह समय पर नहीं आते थे था और जब आते थे तो उन्हें अपनी लाइन नहीं आती थी और फिर हमें तब तक इंतजार करना पड़ता था, जब तक वह अपनी लाइन नहीं सीख लेते थे। फिर एक के बाद एक टेक।

### इन दिन रिलीज होगी फिल्म

बाकी कलाकारों ने भी मजाक में कहा कि चूंकि सैफ सोशल मीडिया पर नहीं है, इसलिए वह कुणाल के कमेंट्स नहीं देख पाएंगे, लेकिन वे सभी इस बात पर सहमत थे कि अगर यह अखबारों में छपा तो सैफ को जरूर पता चल जाएगा। कुकी गुलाटी और रॉबी ग्रेवाल द्वारा निर्देशित और सुमित अरोड़ा द्वारा लिखित ज्वेल थीफ एक हाई-ऑक्टेन डकैती थ्रिलर है। ज्वेल थीफ का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर 25 अप्रैल को होगा।



## आपको जो प्यार-शोहरत मिल रही है, आप उसके हकदार हैं, केसरी 2 के निर्देशक की तारीफ में बोले माधवन

अभिनेता आर. माधवन इन दिनों फिल्म केसरी 2 में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन करण त्यागी ने किया है। आज सोमवार को उनके जन्मदिन पर माधवन ने एक पोस्ट शेयर किया है। फिल्म केसरी 2 सिनेमाघरों में लगी है। करण त्यागी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ आर. माधवन भी अहम रोल में हैं। आज सोमवार 21 अप्रैल को निर्देशक करण त्यागी का जन्मदिन है। इस मौके पर माधवन ने एक पोस्ट शेयर कर करण की तारीफ की है। साथ ही करण को शुक्रिया अदा किया है कि उन्होंने उन्हें अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित किया। माधवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर किया है। इसके साथ माधवन ने लिखा है, सबसे ईमानदार, मेहनती और प्रतिभाशाली निर्देशक के साथ मुझे काम करने का मौका मिला। एक्टर ने केसरी 2 के निर्देशक को टैग करते हुए लिखा, आपके साथ काम करके बहुत खुश हूं और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।

# करीना बनीं अम्मा तो करिश्मा बनीं लोलो मां, इस खास चीज ने खींचा फैंस का ध्यान



बॉलीवुड में जब भी सिस्टर्स की बात होती है, तो कपूर सिस्टर्स यानी करीना और करिश्मा का नाम जरूर आता है, जिन्हें फैंस प्यार से लोलो-बेबो कहकर बुलाते हैं। दोनों बहनें सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। करिश्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कुछ ताजा तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक खास चीज ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। तस्वीर में करिश्मा लोलो मां और करीना अम्मा की टैग वाली टोपी पहने नजर आ रही हैं। लुक्स की बात करें तो करिश्मा ने स्ट्राइप ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वह कमाल लग रही हैं। उन्होंने ड्रेस के ऊपर बेहद खूबसूरत जैकेट भी कैरी की और अपने लुक को सनग्लासेस से पूरा किया। इस ड्रेस के साथ उन्होंने वाइट शूज पहने। वहीं, करीना गोल्डन टॉप में नजर आई और उन्होंने ऊपर से व्हाइट जैकेट कैरी की। दोनों की टोपी उनके लुक को और भी मजेदार बना रही थीं।

### एकता कपूर ने की केसरी चैप्टर 2 की प्रशंसा, फिल्म में एक कलाकार के लिए लिखा बॉस इन फॉर्म



फिल्म केसरी चैप्टर 2, 18 अप्रैल, 2025 को रिलीज हुई है। यह अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे की पीरियड कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है, जिसे करण सिंह त्यागी ने डायरेक्ट किया है। निर्देशक एकता कपूर ने फिल्म की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है और साथ ही फिल्म के एक कलाकार के लिए लिखा बॉस इन फॉर्म... क्या आप बता सकते हैं कौन है वह कलाकार, जिसके अभिनय की दीवानी हो गई हैं एकता... यह फिल्म रघु और पुष्पा पलात की किताब द केस दैट शुक द एम्पायरपर आधारित है, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की सच्ची कहानी बताती है। फिल्म में अक्षय कुमार वकील सी शंकरन नायर की भूमिका में हैं, जो हत्याकांड के पीड़ितों के लिए ब्रिटिश राज के खिलाफ न्याय की लड़ाई लड़ते हैं।

## डांस की दीवानी सुम्बुल तौकीर करना चाहती हैं इस खास प्रोजेक्ट पर काम



**टीवी** सीरियल काव्या एक जज्बा एक जुनून फेम सुम्बुल तौकीर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी एक्टिंग और डांस वीडियोज पोस्ट करती रहती हैं। उन्हें एक्टिंग जितनी पसंद है, उससे कहीं ज्यादा डांस की दीवानी हैं। यही वजह है कि एक्ट्रेस ने डांस पर आधारित फिल्म में काम करने की इच्छा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि वह डांस थीम पर आधारित फिल्म, सीरीज या यहां तक कि रियलिटी शोज भी करना चाहती हैं। सुम्बुल ने कहा, मैं डांस पर आधारित फिल्म, सीरीज या यहां तक कि रियलिटी शो करना पसंद करूंगी। यह मेरे लिए सिर्फ एक कला नहीं बल्कि एक एहसास है। यह मेरे लिए सुकून है। अकेलापन हो या खुशी का अवसर, डांस मेरे लिए एक खास दोस्त की तरह है। एक्ट्रेस ने कहा, मेरी जिंदगी में कई बार ऐसा वक्त भी आया, जब न तो किसी का साथ काम आया और न ही शब्द, एक डांस ही था, जिसने मुझे संभाले रखा। जब मैं डांस करती हूं, तो मुझे एक अलग ही सुकून मिलता है। मैं खुद को आजाद महसूस करती हूं। मैं एक ऐसा किरदार निभाना चाहूंगी, जो डांस के जरिए कहानी बयां करे। यह दिल से जुड़ा एक खास एहसास है। मैं हर धड़कन को महसूस करना चाहती हूं, हर पल को जीना चाहती हूं। अगर ऐसा कोई प्रोजेक्ट मेरे पास आता है, तो यह मेरी प्रार्थनाओं का असर होगा।

# 'हमें नए लोगों के दिमाग को समझना पड़ेगा', इमरान हाशमी ने बताया कैसी फिल्में बनाने की है जरूरत



अभिनेता इमरान हाशमी ने बताया कि कैसे हमें नए अभिनेताओं और निर्माताओं के साथ काम करना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि किस तरह की फिल्में बनाने की जरूरत है। अभिनेता इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'ग्राउंड जीरो' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। कश्मीर से लेकर मुंबई तक में फिल्म की स्क्रीनिंग की जा रही है और पूरी टीम फिल्म के प्रचार में जुटी है। इस बीच इमरान हाशमी ने सिनेमा की दुनिया में प्रासंगिक बने रहने या नए निर्माताओं के साथ काम करने के लिए क्या करना चाहिए इस पर बात की। साथ ही उन्होंने कहा कि युवाओं को समझना और उनसे सीखना मौजूदा वक्त में बने रहने के लिए बहुत जरूरी है।

### नए अभिनेताओं-निर्माताओं को समझना जरूरी

हाल ही में बातचीत में इमरान हाशमी ने नए लोगों के साथ काम करने के लिए किस तरह से संतुलन बनाना जरूरी है, इसको लेकर बात की। अभिनेता ने कहा, जब आप एक निश्चित उम्र पार कर लेते हैं, जब नए तरह के अभिनेता और फिल्म निर्माता आते हैं, तो प्रासंगिकता और उनसे जुड़ना बहुत जरूरी हो जाता है।

# मध्य प्रदेश में तेज गर्मी का सितम जारी, आज ग्वालियर समेत 21 जिलो में लू चलने का अलर्ट

एजेंसी



**भोपाल :** मध्य प्रदेश में आसमान से आग बरस रही है। प्रदेश के रतलाम जिले में पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। आज गुरुवार को 21 जिलो में लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं राज्य में अगले दो से तीन दिन में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। मौसम विभाग ने छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में बारिश होने का अनुमान जताया है। इससे पहले पूरे प्रदेश में लू का अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, आज गुरुवार को इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, सागर संभाग में भी ज्यादा गर्मी रहेगी। यहां के जिलों में लू का अलर्ट है। इसके बाद दो दिन पूर्वी और दक्षिणी हिस्से के जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे पहले गुरुवार को 21 जिलों में हीट वेव यानी, लू चलेगी। इनमें ग्वालियर, मुरैना, भिंड, नीमच, मंदसौर, रतलाम, खंडवा, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, बालाघाट, उमरिया, सतना, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी जिले शामिल हैं। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर समेत अन्य जिलों में गर्मी का असर तेज रहेगा। यहां पारा 42 डिग्री के पार ही पहुंच सकता है। प्रदेश में बुधवार को भी तेज गर्मी रही। मालवा-निमाड़ के जिलों में सबसे ज्यादा गर्मी रही। इससे रतलाम शहर में तापमान 44.2 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं, नर्मदापुरम, खजुराहो-मंडला में 43.2 डिग्री, सिवनी में 42.6 डिग्री, नरसिंहपुर में 42.4 डिग्री, टीकमगढ़-शिवपुरी में 42.2 डिग्री, नौगांव, रीवा-मलाजखंड में 42 डिग्री दर्ज किया गया। खरगोन, दमोह, धार, उमरिया, सागर, सतना, सीधी, गुना, बैतूल, शाजापुर, रायसेन, खंडवा और छिंदवाड़ा में तापमान 41 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन में सबसे ज्यादा 41.7 डिग्री रहा। ग्वालियर-उज्जैन में 41.2 डिग्री, इंदौर में 41 डिग्री और भोपाल में 40.6 डिग्री सेल्सियस रहा। कई शहरों में लू का असर भी देखा गया।

# आतंकवादियों की कायराना हरकत से छत्तीसगढ़ ने अपना बेटा खोया : मुख्यमंत्री



एजेंसी

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज (गुरुवार ) को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में दिवंगत प्रदेश के कारोबारी दिनेश मिरानिया के अंतिम संस्कार में शामिल हुए और अर्थी को कंधा दिया। उन्होंने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और ईश्वर से मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि घिनौनी आतंकवादी घटना में प्रदेश ने अपना एक बेटा खो दिया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है। उन्हें हर संभव सहयोग दिया जाएगा। स्वर्गीय मिरानिया के पावन स्मृतियों को सहेजने और चिर स्थायी बनाने लिए सरकार किसी सड़क या चौक को उनके नाम पर नामकरण करेगी। आतंकवादियों की इस कायराना हरकत ने देश की आत्मा पर चोट की है। पूरे प्रदेश के लिए भी यह दुख और पीड़ा का क्षण है।मुख्यमंत्री ने कहा कि धारा 370 हटने से जम्मू कश्मीर में शांति स्थापित हुई, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिला और घाटी के विकास को गति मिली थी। आतंकवादियों ने पर्यटकों के जरिए कश्मीर और देश को अस्थिर करने की कोशिश की है। पूरा देश एकजुटता के साथ इस अमानवीय कृत्य का बदला लेगा। पाकिस्तान की शह पर हुए इस हमले का अंजाम उसे भुगताना पड़ेगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, विधायक किरण देव, विधायक श्री राजेश मूणत और नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए जयपुर के नीरज उधवानी को बड़े भाई ने दी मुखाग्नि

**जयपुर :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में मारे गए जयपुर निवासी नीरज उधवानी (33) का गुरुवार को झालाना स्थित मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। उनके बड़े भाई किशोर उधवानी ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस दौरान पत्नी आयुषी बिलखती रही और बार-बार उनके पार्थिव शरीर को देखती रही। परिवारजन उन्हें लगातार सांत्वना देने की कोशिश करते रहे, लेकिन उनका गम थमने का नाम नहीं ले रहा था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार सुबह मालवीय नगर स्थित फॉरेस्ट व्यू अपार्टमेंट पहुंचे और नीरज को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने नीरज की माता ज्योति से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री को देखते ही ज्योति भावुक हो उठीं और रोने लगीं। मुख्यमंत्री ने उनके आंसू पोंछते हुए सांत्वना दी। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित कई अन्य नेता भी उपस्थित थे। बुधवार रात 8:15 बजे उनका पार्थिव शरीर इंडिगो फ्लाइट से जयपुर लाया गया। वे मालवीय नगर स्थित फॉरेस्ट व्यू रेजीडेंसी में रहते थे और पत्नी के साथ कश्मीर घूमने गए थे। हमले के बाद आयुषी ने फोन पर जेठ किशोर को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद वे तुरंत कश्मीर रवाना हुए। राजस्थान के उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह कायराना हमला न सिर्फ देश बल्कि मानवता के लिए भी झकझोर देने वाला है। यह शांति भंग करने का प्रयास है, जिसमें निर्दोष और निहत्थे लोगों को निशाना बनाया गया। उल्लेखनीय है कि नीरज उधवानी पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट थे और दुबई में कार्यरत थे। हाल ही में वे एक पारिवारिक शादी में शामिल होने के लिए अपनी पत्नी आयुषी के साथ भारत आए थे। शादी में शामिल होने के बाद वे शिमला गए और वहीं से दो-तीन दिन का समय निकालकर कश्मीर घूमने चले गए थे। दुर्भाग्यवश, कश्मीर यात्रा के दौरान 22 अप्रैल को आतंकियों ने आयुषी के सामने ही नीरज की गोली मारकर हत्या कर दी। नीरज और आयुषी की शादी फरवरी 2023 में पुष्कर के भंवर सिंह पैलेस में हुई थी। नीरज के बड़े भाई किशोर उधवानी और उनकी पत्नी शुभि दोनों इनकम टैक्स विभाग में इंस्पेक्टर हैं। नीरज के चाचा दिनेश उधवानी ने बताया कि तीन महीने पहले मकर संक्रांति के मौके पर नीरज छुट्टियों में जयपुर आए थे।

### मुख्यमंत्री साय का मुंबई दौरा रद्द, दिनेश मिरानिया की अंत्येष्टि में हुए शामिल

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दो दिनों का मुंबई दौरा बीच में छोड़कर आज सुबह रायपुर पहुंचे।। मुख्यमंत्री ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के दिनेश मिरानिया की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए अपना मुंबई दौरा रद्द किया है। साय आज सुबह रायपुर आने के बाद मिरानिया की अंत्येष्टि में शामिल और उनकी अर्थी को कंधा दिया । उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय 23 अप्रैल को मुंबई में निवेशकों को छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति और निवेश आकर्षित करने मुंबई गए थे। उनका आज निवेशकों के साथ बैठक और मुलाकात का कार्यक्रम था। इसी दौरान कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के व्यावसायी दिनेश मिरानिया की आज अंत्येष्टि की सूचना पर वापस रायपुर आ गए।

### मुख्य सचिव को तत्काल निलंबित करे सरकार : बिक्रम ठाकुर

**धर्मशाला :** वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व मंत्री एवं जसवां-प्रगपुर से विधायक बिक्रम सिंह ठाकुर ने प्रदेश के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना पर गंभीर आरोप लगाते हुए राज्य सरकार से उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई और तत्काल निलंबन की मांग की है। यहां जारी प्रेस बयान में उन्होंने कहा कि यह अत्यंत चिंताजनक है कि एक सेवा विस्तार पर बैठे वरिष्ठ अधिकारी न केवल प्रशासनिक मयार्दाओं का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि जनता को गुमराह करने का प्रयास भी कर रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि एक अधिकारी का कर्तव्य जनता की सेवा करना होता है, न कि निजी रुतबे और राजनीतिक आकांक्षाओं की पूर्ति करना। लेकिन मुख्य सचिव का व्यवहार पद की गरिमा के सर्वथा विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल ही में आयोजित एक निजी आयोजन में मुख्य सचिव और उनकी पत्नी का नाम निमंत्रण कार्ड पर छपा था। यह कार्यक्रम कथित तौर पर अधिकारियों की बैठक बताया गया लेकिन सच्चाई यह है कि उस आयोजन में कई कारोबारी और गैर-सरकारी लोग भी मौजूद थे जो वायरल तस्वीरों और वीडियो में साफ दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि जब इस कार्यक्रम की आलोचना शुरू हुई तो मुख्य सचिव ने इससे किनारा करते हुए इसे केवल अधिकारियों की बैठक बताया। यह बयान न केवल असत्य है, बल्कि सरकारी पद का दुरुपयोग और जनता के विश्वास के साथ धोखा है। बिक्रम सिंह ठाकुर ने कहा कि जब एक वरिष्ठ अधिकारी यह कहे कि लोग सिस्टम को नहीं जानते तो यह उनके अंदर पनप रहे सत्ता के अहंकार को दशार्ता है। ऐसे अधिकारियों की सोच लोकतंत्र और पारदर्शिता के लिए खतरा है। ठाकुर ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अगर इस पूरे मामले में सरकार मूकदर्शक बनी रहती है, तो यह स्पष्ट संकेत होगा कि ऐसे अधिकारियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने चेताया कि भाजपा इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जाएगी और इस तरह के गैर-जवाबदेह रवैये को बेनकाब करेगी। उन्होंने दो टूक कहा कि सरकार को चाहिए कि वह तत्काल प्रभाव से मुख्य सचिव को उनके पद से निलंबित करे और निष्पक्ष जांच शुरू करे, ताकि प्रशासनिक व्यवस्था पर जनता का विश्वास बना रहे।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में विस्फोट, तीन पुलिसकर्मी घायल

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मारवत जिले के दर्रा पेजू इलाके में आज हुए विस्फोट में कम से कम तीन यातायात पुलिसकर्मी घायल हो गए। शुरूआती सूचना के अनुसार, विस्फोट के बाद यातायात पुलिस के वाहन में आग लग गई। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। घायलों में मोबाइल वैन प्रभारी इमरान भी शामिल हैं। 'एआईवाई न्यूज' चैनल की खबर के अनुसार, घटना के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर गुनहगारों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया है। खैबर पख्तूनख्वा पुलिस ने कहा कि इससे एक दिन पहले आतंकवादियों ने करम ब्रिज के पास एक वन्यजीव पार्क की इमारत पर विस्फोट किया। इससे वन्यजीव पार्क का कार्यालय क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### पहलगांव आतंकी हमले के विरोध में बंद रहा महाराष्ट्र का डोंबिवली

**मुंबई :** जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार को सुबह से ही आम नागरिकों ने स्वतः स्फूर्त डोंबिवली बंद रखा है। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए तीन लोगों के शवों का अंतिम संस्कार बुधवार को देर रात शोकाकुल माहौल में किया गया। इससे पूरा डोंबिवली शोक संतप्त है और लोग इस मामले का तीव्र विरोध कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में डोंबिवली के संजय लेले, हेमंत जोशी और अतुल मोने की मौत हो गई थी। इन तीनों के शव बुधवार को कश्मीर से डोंबिबली लाये गए। इसके बाद बुधवार को ही देर रात इन तीनों शवों का अंतिम संस्कार डोंबिवली के शिव मंदिर श्मशान घाट में किया गया।

# कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री की भागीदारी की उम्मीद जताई

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के संबंध में सर्वदलीय बैठक को लेकर उम्मीद जताई है कि प्रधानमंत्री इस बैठक में शामिल होंगे, जिससे देश की सुरक्षा और एकता को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस संबंध में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंनें कहा, ₹पहलगाम में हुआ आतंकी हमला देश की सुरक्षा, एकता और अखंडता पर सीधा प्रहार है। आज कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में इस हमले के तमाम पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक जारी है, जिसमें पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस संसदीय पार्टी की चेयरपर्सन सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता और पार्टी सांसद राहुल गांधी, पार्टी सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित अन्य कांग्रेस नेता शामिल हैं। इस महत्वपूर्ण बैठक में हाल के पहलगाम हमले जैसे मुद्दों पर चर्चा की जा रही है, जिससे पार्टी की रणनीति और दिशा को निर्धारित किया जा सके।

अकबर रोड में पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में खेड़ा ने कहा कि सर्वदलीय बैठक का आयोजन महत्वपूर्ण है और इससे सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर इस गंभीर मुद्दे पर विचार करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि सरकार ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए बैठक बुलाई है, जो सभी के लिए एक सकारात्मक कदम है।

## पाकिस्तान सरकार का आधिकारिक एक्स अकाउंट भारत में ब्लॉक

**नई दिल्ली :** पाकिस्तान सरकार का आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। यह कदम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है। मंगलवार को हुए इस हमले में 26 लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान सरकार के एक्स अकाउंट पर बैन का मतलब है कि इस पर पोस्ट की गई कोई भी सामग्री भारत में नहीं दिखेगी। भारत ने यह दंडात्मक कदम सिंधु जल संधि को निलंबित करने और अन्य कूटनीतिक उपायों की घोषणा के बाद उठाया है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कूटनीतिक कदम उठाए हैं। इनमें उसे सीमा पार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

# यूपी के गाजियाबाद से केसीएफ का संदिग्ध आतंकी मंगत सिंह गिरफ्तार

एजेंसी



**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की नोएडा टीम और गाजियाबाद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में बुधवार रात में संदिग्ध आतंकवादी मंगत सिंह उर्फ मंगा को गिरफ्तार कर लिया। उसे गाजियाबाद के विवेकानंद नगर से पकड़ा गया है। वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) का सक्रिय सदस्य है। वह पिछले तीस साल से फरार था। उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि मंगत सिंह उर्फ मंगा इससे पहले 11 मार्च, 1993 को गिरफ्तार हुआ था। दो साल बाद जमानत पर छूटने के बाद वह भूमिगत हो गया था। वह मूल रूप से पंजाब के अमृतसर जिले के टिममोवाल खिलचियां का रहने वाला है। पिछले काफी समय से वह गाजियाबाद के कविनगर के विवेकानन्द नगर में छुपकर रह रहा था। उसके खिलाफ गाजियाबाद के साहिबाबाद थाना में टाडा के तहत मुकदमा दर्ज था। इस केस में ही उसे जेल भेजा गया था। उसे 16 अगस्त 1995 को जमानत मिली। वह पेशी पर भी नहीं जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल 12 दिसम्बर को कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। वह काफी समय तक अमृतसर के खिलचियां इलाके में छुपकर रहा था। उसके खिलाफ गाजियाबाद पुलिस में में चार मुकदमे दर्ज हैं। गाजियाबाद की स्थानीय कोर्ट ने एक आपराधिक मामले में 12 दिसम्बर 2024 को गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। उल्लेखनीय है कि मंगा सिंह के सगे भाई संगत सिंह को पंजाब पुलिस ने व्यास जिले में वर्ष 1990 में मुठभेड़ में मार गिराया था। संगत सिंह खालिस्तान कमाण्डो फोर्स का चीफ था।

# विश्व हिंदू परिषद ने पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए किया यज्ञ

एजेंसी




**नई दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों के नरसंहार के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने आज दक्षिणी दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित आर्य समाज मंदिर में 'राष्ट्र रक्षा यज्ञ' का आयोजन किया। इस यज्ञ का उद्देश्य हुतात्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करना है। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा, ₹हमलावर आतंकियों और उनके पैरोकार पाकिस्तान को सबक सिखाने का कार्य हमारे देश के नेतृत्व ने प्रारंभ कर दिया है। अब सभी देशवासियों को अपने आसपास के जिहादी तत्वों को पहचानकर उन्हें बेनकाब करना होगा।₹ उन्होंने कहा कि अब सिर्फ निंदा करने से काम नहीं चलेगा। हमें हिंसा और आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठाने होंगे। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहेय सबने श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखा और सरकार के साथ खड़े होकर दोषियों को दंड दिलाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## छत पर फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**मीरजापुर :** चुनार कोतवाली क्षेत्र के गंगेश्वरनाथ मुहल्ले में गुरुवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक युवक का शव उसके घर की छत पर लटका मिला। मृतक की पहचान कैलाश के पुत्र रोहित (27) के रूप में हुई है रोहित ने घर की दूसरी मंजिल पर छत में लगे एंगल के सहारे गमछे से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिजन छत पर पहुंचे तो रोहित का शव लटकता देख स्तब्ध रह गए। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर चौकी प्रभारी कस्बा उदय नारायण कुशवाहा मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साहनी ने बताया कि रोहित दो भाइयों और दो बहनों में दूसरे नंबर पर था। मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था।बुधवार की रात रोहित घर लौटा और रोज की तरह खाना खाने के बाद छत पर सोने चला गया था। कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि युवक ने गमछे के सहारे एंगल में फंदा लगाकर जान दी।

# पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास कई जगहों पर सुरक्षाबलों ने चलाया तलाशी अभियान

एजेंसी



**पुंछ :** सुरक्षाबलों ने वीरवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास कई जगहों पर तलाशी अभियान चलाया है। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने गुरसाई में फमरनार, कीकर मोड़, जबदान गली और हरनी तथा मेंढर में ब्रेला और कसबालाड़ी, सुरनकोट में बाफलियाज जंगल की संयुक्त रूप से घेराबंदी की है। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान फिलहाल जारी है। इस बीच सुरक्षाबलों ने जम्मू-राजौरी-पुछ राजमार्ग 144 पर सतर्कता बढ़ा दी है।राजौरी यातायात पुलिस अधिकारी अहमद दीन ने कहा कि हम स्थानीय कारों की जांच कर उनके लाइसेंस की जांच कर रहे हैं। हम लोडेड ट्रक को अनुमति नहीं दे रहे हैं क्योंकि इससे जाम लग सकता है। यातायात पुलिस, जिला पुलिस और सेना भी हमारी मदद कर रही है। चौबीसों घंटे नाके लगे हुए हैं।

सुरक्षाबलों ने पिछले कुछ हफ्तों में जम्मू क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिया है ताकि उन आतंकवादियों को मार गिराया जा सके जो पिछले साल सीमा पार से इस तरफ घुसने में कामयाब रहे हैं ।

# सराफा बाजार में गिरावट का रुख जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी



**नई दिल्ली :** घरेलू सरार्फा बाजार में लखटकिया होने का गौरव हासिल करने बाद से ही सोने की कीमत में लगातार करेक्शन हो रहा है। आज भी सरार्फा बाजार में सोना और चांदी के भाव में गिरावट का रुख बना हुआ है। सरार्फा बाजार में आज आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 98,240 रुपये से लेकर 98,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,050 रुपये से लेकर 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह, चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सरार्फा बाजार में 1,00,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 98,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 98,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 98,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 98,240 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 98,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 98,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 98,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 98,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 90,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## मथुरा में बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी की गोली मारकर हत्या

**मथुरा :** गोविंद नगर क्षेत्र में बुधवार देर रात मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने बिल्डिंग मैटेरियल व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी। एसएसपी श्लोक कुमार ने मामले के खुलासे के लिए चार टीमें गठित की हैं। एसएसपी ने बताया कि बिल्डिंग मैटेरियल का कारोबार करने वाले हेमेंद्र गर्ग उर्फ ??हेमू बुधवार को मथुरा वृंदावन रोड स्थित राधेश्याम अस्पताल में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जैसे ही वह बाहर निकले, बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। एक गोली व्यापारी को लगी, जिसमें वह घायल हो गए। घायल अवस्था में हेमेंद्र गर्ग को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों का आरोप है कि हेमेंद्र की किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोली मारकर हत्या की है। एसएसपी ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए चार टीमें लगाई गई हैं। व्यापारी के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### पिस्तौल का भय दिखाकर ग्रामीणों को डराने के आरोप में एक गिरफ्तार

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर थाना के केडेग ग्राम निवासी शनि जय पॉल खलखो को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत न्यायालय में प्रस्तुत करते हुयें गुमला जेल भेज दिया गया हैं, चैनपुर थाना के सअनि निर्मल राय ने बताया हैं की चैनपुर थाना पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली की केडेग ग्राम निवासी शनि जय पॉल नायक एक युवक अवैध कट्टा ( पिस्तौल ) लेकर अपने गांव और आसपास के लोग को डरा-धमका रहा हैं, इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुयें, एक छापामारी दल का गठन किया गया और उक्त गुप्त सूचना का सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रस्थान किया गया और सही समय पर उक्त युवक सनी जयपाल खलखो एक देशी कट्टा ( पिस्तौल ) के साथ दबोच लिया गया और उसे विधिवत रूप से गिरफ्तार कर चैनपुर थाना लाया गया जहां आवश्यक पूछताछ और छानबीन करने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर गुमला जेल भेज दिया गया हैं।

### माँ पाऊडी मंदिर में माह के अंतिम गुरुवार को हुई विशेष पूजा अर्चना



माँ पाऊडी मंदिर के प्रांगण में आज माह के अंतिम गुरुवार के दिन पुजारी सुजीत कुमार के द्वारा विशेष पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात भक्तजनों और श्रद्धालुओं के बीच खीर, खिचड़ी और सब्जी वितरित किया गया। इस अवसर पर मां पाऊडी सेवा समिति से जुड़े लोगों ने उपस्थित होकर माँ की पूजा अर्चना की और भक्तजनों के बीच भोग वितरण किया। गौरतलब हो कि अंतिम गुरुवार के दिन दूरदराज से भक्तजनों का आवागमन होता है तथा मां की पूजा अर्चना और दर्शन करने के लिए भक्तजनों का तांता लगा रहता है।

### रेलवे स्काउट एंड गाइड के छात्र बुझायेंगे यात्रियों की प्यास

**जमशेदपुर :** रेलवे स्काउट एंड गाइड के छात्र टाटानगर स्टेशन पर जनरल कोच के यात्रियों को ठंडा पानी मुहैया कराएंगे ताकि महिला सीनियर सिटीजन के साथ दिव्यांग यात्रियों को पानी के लिए कोच से उतरना नहीं पड़े। बताया जाता है कि जनरल कोच के यात्रियों को पानी पिलाने का अभियान स्काउट एंड गाइड द्वारा हर वर्ष गर्मी में चलाया जाता है जिसमें जमशेदपुर के विभिन्न कालेज के छात्र भी शामिल होते हैं।

### नदी पर पुल मरम्मत के लिए 27 को होगा लाइन ब्लॉक, रद्द होगी ट्रेनें

**जमशेदपुर :** मानीकुई और कुनकी के बीच नदी पर ब्रिज मरम्मत के लिए 27 अप्रैल को लाइन ब्लॉक होगा। इससे टाटानगर हटिया, बरकाकाना, आसनसोल, झारग्राम व अन्य ट्रेनों का परिचालन रद्द होगा। दूसरी ओर, चक्रधरपुर मंडल में लाइन ब्लॉक के कारण टाटानगर से राउरकेला, बिलासपुर व इतवारी की ट्रेन को रद्द करने का आदेश दक्षिण पूर्व जोन से आया है। दोनों मार्गों पर ट्रेन रद्द होने से कोल्हान बंगाल व ओडिशा मार्ग सैकड़ो यात्रियों को आवागमन में दिक्कत होगी।

### आरपीएफ ने चलाया सर्च ऑपरेशन

**धनबाद :** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दूसरे दिन बुधवार को भी धनबाद स्टेशन पर कड़ा पहरा रहा। आरपीएफ जवानों ने धनबाद से खुलने और यहां से गुजरने वाली ट्रेनों में सघन तलाशी अभियान चलाया। स्टेशन के रिटायरिंग रूम और वेटिंग हॉल में भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया। आरपीएफ की टीम ने डॉग स्क्वायड के साथ ट्रेना और सभी प्लेटफार्मों पर यात्रियों के सामानों की जांच की। महिला आरपीएफ अफसर व जवानों ने भी अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्ति और वस्तु की जांच की। स्टेशन पर मुनादी कराकर आरपीएफ ने लोगों से संदिग्ध व्यक्ति और वस्तु की जानकारी मांगी। सीसीटीवी कैमरों के जरिए भी स्टेशन की सुरक्षा का जायजा लिया जा रहा है। आरपीएफ के सीनियर कमांडेंड अनुराग मीणा ने सभी आरपीएफ पोस्टों को 24 घंटे चौकन्ना रहने का आदेश दिया है।

### सदर अस्पताल के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू

**धनबाद :** धनबाद के लोगों को अब बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। सदर अस्पताल में विशेषज्ञ और अति विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों की मानें तो विशेषज्ञ और अति विशेष डॉक्टरों के आने से सदर अस्पताल में गंभीर बीमारियों का इलाज संभव हो पाएगा। यह स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में अहम कदम है। बता दें कि सरकार के निदेर्शानुसार विशेषज्ञ और अति विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति संविदा पर की जा रही है। मरीजों की संख्या के आधार पर डॉक्टरों को भुगतान किया जाएगा। विशेषज्ञ डॉक्टर को प्रति मरीज 300 रुपए और अति विशेषज्ञ डॉक्टर को प्रति मरीज 500 रुपए का भुगतान किया जाएगा। इसके तहत एक डॉक्टर एक महीने में अधिकतम चार लाख रुपए तक भुगतान ले सकते हैं।

चिकित्सीय उपकरण की भी हो रही खरीदः सदर अस्पताल के लिए न सिर्फ डॉक्टरों की नियुक्ति हो रही है, बल्कि जरूरी चिकित्सीय उपकरण की भी खरीदारी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी ) से उपकरण खरीदे जाएंगे, ताकि डॉक्टरों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराया जा सके। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### धनबाद से चंडीगढ़ की जगह बठिंडा तक चलेगी गरीब रथ स्पेशल

**धनबाद :** धनबाद से चंडीगढ़ तक चलने वाली एक स्पेशल ट्रेन को दो दिन पहले रेलवे ने रद्द कर दिया था, अब चंडीगढ़ के लिए सप्ताह में दो दिन चलने वाली गरीब रथ स्पेशल भी चंडीगढ़ की जगह बठिंडा तक चलेगी। एक-दो दिन में रेलवे की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया जा सकता है। 03311 धनबाद-चंडीगढ़ गरीब रथ स्पेशल को धनबाद से चंडीगढ़ के बीच 15 अप्रैल से 27 जून तक सप्ताह में हर मंगलवार और शुक्रवार और वापसी में 03312 चंडीगढ़-धनबाद गरीब रथ स्पेशल 17 अप्रैल से 29 जून तक हर गुरुवार और शनिवार को चलाने की घोषणा हुई थी। दिल्ली रेल मंडल ने इसे चंडीगढ़ की जगह बठिंडा तक चलाने का प्रस्ताव भेजा, जिसे धनबाद डिवीजन ने मंजूर कर लिया। प्रस्ताव के अनुसार रूट परिवर्तन के बाद ट्रेन धनबाद से दिल्ली तक पूर्व के रूट से चलेगी और रात 11.30 बजे दिल्ली पहुंचेगी। दिल्ली के आगे ट्रेन रोहतक, जिंद सिटी, और जाखल रुकते हुए सुबह 4.40 बजे भटिंडा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन को बठिंडा से सुबह छह बजे रवाना किया जाएगा, जो सुबह 10.15 की जगह सुबह 11.40 बजे दिल्ली पहुंचेगी। ट्रेन के रूट में परिवर्तन होना है, इसलिए इस ट्रेन की वापसी की बुकिंग 24 अप्रैल के बाद नहीं हो रही है।

# मित्रता हो तो ऐसी तिरपन वर्ष पहले थी जैसी

**बिनय मिश्रा**

बने चाहे दुश्मन जमाना हमारा सलामत रहे दोस्ताना हमारा
तेरे जैसा यार कहाँ कहाँ ऐसा याराना

ये गाने सिर्फ फिल्मी गाने नही बल्कि जीवन की सच्चाई से जुड़े गीत हैं। भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नाम से चक्रधरपुर में अवस्थित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में एक साथ पढ़ने वाले छात्रगण वृद्ध होने के पश्चात महाविद्यालय के साथ साथ जिन विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण किया उक्त विद्यालय पहुंचकर पुरानी यादों को ताजा और साझा किया विद्यार्थी जीवन में अपने लगन, परिश्रम और मेधावीपन से विद्यालय का नाम रौशन करने वाले ये सभी छात्र मारवाड़ी उच्च विद्यालय, महात्मा गॉधी उच्च विद्यालय तथा साऊथ इसटन रेलवे इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल भी पहुंचे और विद्यालय के प्राचार्य से मुलाकात कर इस महाविद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने और स्कूली शिक्षा प्राप्त करने की



जानकारी भी दिया। लगभग पचपन वर्ष पूर्व इन छात्रों ने इस विद्यालय में पढ़ाई की थी एवं विद्यालय के मेधावी छात्र भी रहे और पढ़ाई पूरी कर उच्च पदों पर आसीन भी रहे। फर्क बस यह रहा की कभी इन्होंने बचपन और युवास्था के बीच यहाँ पढ़ाई की थी और अब जब ये विद्यालय पहुंचे तो वृद्धावस्था में पहुँच गए हैं।

### वज्रपात से एक युवक की घटनास्थल पर हुई मौत

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो के करंजथाना स्थित डुड़ीया ग्राम के सरना पूजा स्थल पर सरहुल त्योहार मनाने की तैयारियां चल रही थी इसी क्रम में हल्की बुंदाबांदी बारिश के बीच एकाएक वज्रपात हुआ जिसमें दो युवक कुसुम पेड़ के नीचे वारिस से बच रहे थे, इसी क्रम में वज्रपात की चपेट में आ गए फलस्वरूप गुड़ीया ग्राम निवासी 25 वर्षीय ठाकुर उरांव की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और 28 वर्षीय सोमेश्वर उरांव गंभीर रूप से झुलस किया दोनों को आनन-फानन में इलाज के लिये भरनो उपस्वास्थ्य केंद्र लें जाया गया जहां डॉक्टर ने ठाकुर उरांव का इलाज भरनो उपस्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।

## जमशेदपुर में बनेगा 1800 हाई स्पीड इंजन

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रेलवे नई ट्रेनों के संचालन और मालगाड़ियों की लोडिंग क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से इंजन निर्माण की प्रक्रिया तेज कर रहा है। 2025-26 में रेलवे ने 1800 हाई स्पीड इंजन तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जल्द ही दक्षिण पूर्व जोन के मंडलों में भी इंजनों की कमी दूर होगी।

2024-25 में चार अलग-अलग कंपनियों ने विभिन्न मॉडल के कुल 1681 इंजन बनाकर नया रिकॉर्ड स्थापित किया था। यह संख्या वर्ष 2026 के अंत तक और भी अधिक होने की संभावना है, क्योंकि 2023-24 में 1472 इंजन बनाए गए थे। वर्ष 2014 से 2024 तक के एक दशक में कुल 9168 इंजन बनाए जा चुके हैं। रेलवे के अनुसार, इंजन निर्माण के मामले में भारत ने अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप और अन्य कई देशों को पीछे छोड़ दिया है।

इन इंजनों में डब्ल्यूएजी-9 एच, डब्ल्यूएजी-9 एचएच, डब्ल्यूएजी-9 ट्विन, डब्ल्यूएपी-5, डब्ल्यूएपी-12 बी, डब्ल्यूडीजी-4 और डब्ल्यूडीजी-6 जी जैसे हाई स्पीड मॉडल शामिल हैं। ये सभी इंजन चितरंजन, बनारस, पटियाला, मधेपुरा और मरहौरा स्थित रेल कारखानों में निर्मित किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, मालगाड़ियों से ढुलाई क्षमता बढ़ाने में इंजन की कमी सामने आ रही है। इसके समाधान के लिए रेलवे उत्पादन क्षमता में वृद्धि कर रहा है, ताकि भविष्य में 3000 मीट्रिक टन तक की ढुलाई संभव हो सके। दक्षिण पूर्व रेलवे जोन के अंतर्गत चक्रधरपुर, रांची, आद्रा और खड़गपुर मंडलों में वर्तमान में 1400 से अधिक इंजन कार्यरत हैं, जिनमें अकेले टाटानगर में 250 से अधिक इंजन यात्री और मालगाड़ियों के संचालन में उपयोग किए जा रहे हैं।

वंदे भारत ट्रेनों के लिए आधुनिक तकनीक से युक्त इंजन और अमृत भारत ट्रेनों के लिए नए इंजन के निर्माण के साथ-साथ संतरागाछी और चितरंजन सहित अन्य रेल कारखानों में पुराने इंजनों को हाई मॉडल में अपग्रेड करने का कार्य भी जारी है।

### चक्रधरपुर नगर परिषद दास्तां तीन



1918 में स्थापित चक्रधरपुर नगर परिषद वर्तमान समय में जितना कष्टप्रद दिन झेल रहा है इससे पहले कभी ऐसी स्थिति नहीं रही वर्तमान समय में चक्रधरपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार यादव के योगदान देने के पश्चात से नगर परिषद की हालत दिनों दिन बदतर होती चली गई है और इसी का यह परिणाम है कि चक्रधरपुर नगर परिषद वर्तमान समय में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ने के लिए विवश है इसके प्रमुख वजह यह है कि ना तो नगर परिषद में सुविधाओं की सुधि ली जा रही है ना इसके लिए गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं चक्रधरपुर नगर परिषद में जब कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में सुशील कुमार पदस्थापित थे तब चक्रधरपुर नगर परिषद की सुविधाओं में व्यापक रूप से इजाफा होने के साथ-साथ जन सुविधा भी पूर्ण रूपेण बहाल रही थी और इसी का यह परिणाम रहा कि चक्रधरपुर ओवरब्रिज में विद्युतीकरण विवाह मंडप का निर्माण बस पडाव के लिए कारगर पहल ठोस कचरा प्रबंधन के लिए व्यापक प्रयास ऐसी सुविधाओं के लिए कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार निरंतर गंभीर और प्रयत्नशील रहे और इसी का यह परिणाम रहा की चक्रधरपुर नगर परिषद नगर विकास विभाग के लिए काफी उपयोगी और महत्वपूर्ण माना जाता रहा चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र में व्यापक सुविधाओं के लिए कार्यपालक पदाधिकारी हमेशा और निरंतर गंभीर रहे चक्रधरपुर मुख्य चौक पर हाई मास्क लाइट के मरमती और समुचित प्रकाश के लिए के लिए उन्होंने जो गंभीर प्रयास किया हुआ भी काफी कारगर रहा वर्तमान समय में यह हाई मास्क लाइट कई दिनों से अंधकार में है किंतु वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार यादव के द्वारा किसी प्रकार के कोई सुधि नहीं ली जा रही है इसी के फलस्वरूप रुपया कहा जा सकता है कि सुशील कुमार ने चक्रधरपुर नगर परिषद को बेहतर कारगर और नगर विकास विभाग के लिए उपयोगी बनाया वहीं वर्तमान कार्यपालक अधिकारी चक्रधरपुर नगर परिषद को बदहाल स्थिति में पहुंचा दिया है और इसी के फल स्वरुप चक्रधरपुर वास अब एक स्वर में वर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी राहुल कुमार यादव को यहां से हटाने और उनकी तबादला की पुरजोर तरीके से मांग कर रहे हैं इससे पूर्व कभी ऐसी स्थिति नहीं बनी थी किंतु कार्यपालक पदाधिकारी के रवैया और नकारात्मक सोच के फल स्वरुप लोग एकजुट होकर उनके यहां से विदाई की मांग कर रहे हैं।

## श्री श्री 108 श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव संपन्न



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**गुमला :** गुमला जिला अंतर्गत स्थित अंबेराडीह ग्राम में श्री श्री 108 श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का ग्यारहवां वार्षिकोत्सव का हुआ शुभारंभ , जिसमें सनातनी हिन्दू धर्मलम्बीयों के सहयोग से, परंपरागत वेशभूषा में महिलाएं , युवतियों और कुंवारी कन्याओं द्वारा श्री श्री 108 श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर से पांच हजार कलशों का भव्य आकर्षक कलश यात्रा निकाली गई , जो अंबेराडीह ग्राम के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए, स्थानीय जलाशय में पहूंचकर रोहित पंडित जी के मंत्रोच्चारण के साथ पांच हजार कलशों का जलभरी क्रार्यक्रम सम्पन्न हुआ और बाद में अंबेराडीह ग्राम के विभिन्न मुख्य मार्गे से गुजरते हुए , पुनः श्री श्री 108 श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पहूंचकर कलशस्थापित क्रार्यक्रम के साथ ही साथ पूजा अर्चना एवं विभिन्न अनुष्ठान कार्यक्रम आयोजित की गई और आज 23 अप्रैल 2025 को श्री हरि कीर्तन, प्रसाद वितरण सहित भंडारा कार्यक्रम के बाद आज ग्यारवीं वार्षिकोत्सव समारोह संध्या के समय संपन्न हुआ।

## झामुमो नेताओं ने जूस पिलाकर करवाया धरना समाप्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** कृषि विभाग (आत्मा) के द्वारा कोडरमा जिला में बीटीएम एवं एटीएम के पद पर चयनित उम्मीदवारों को समय सीमा के अंदर नियुक्ति पत्र नहीं मिला तो लगभग सप्ताह भर से चयनित उम्मीदवार इस कड़ी धूप में भी धरना पर जिला मुख्यालय में बैठे रहे. झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारियों को जब मामला संज्ञान में आया तो केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव के नेतृत्व में चयनित उम्मीदवारों के समस्या लेकर उपयुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज से झामुमो का एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर अभ्यर्थियों के समस्या पर विस्तृत रूप से वार्ता कर चर्चा की गई. वहीं उपयुक्त मेघा भारद्वाज द्वारा कहा गया कि इन लोगों का नियुक्ति विभागीय एवं सरकार के गाइड



लाइन की कमी एवं सरकार के निर्देश के कारण नियुक्ति पत्र नहीं दिया जा सकता लेकिन हम आश्वासन देते हैं की पुनः जल्द बहाली की प्रक्रिया पूरा कर नए सिरे से चालू किया जाएगा. और हमारी भरपूर कोशिश रहेगी कि पुराने उम्मीदवार अभ्यर्थियों को ही प्राथमिकता दी जाएगी. उपायुक्त के वार्ता के बाद धरना स्थल पर धरना कर रहे बीटीएम एवं एटीएम अभ्यर्थियों को जूस पिलाकर धरना समाप्त करवाया गया. प्रतिनिधियों में जेएमएम जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, केंद्रीय समिति सदस्य संजय पाण्डेय, बैद्यनाथ मेहता, उमेश राम, दीपक चंद्रवंशी दिलीप जी आदि मौजूद थे।

### जिला स्तरीय स्कूल रूआर अभियान पर बैठक का आयोजन

# सभी अनामांकित एवं छीजित बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करेंः डीसी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय स्कूल रूआर 2025 अभियान पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जन प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी/शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड विकास पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बी.आर.पी/सी.आर.पी, गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में अभियान के सम्पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी दी गयी। वितीय वर्ष 2024-25 में चिन्हित सभी अनामांकित बच्चों एवं छीजित बच्चों का नामांकन सुनिश्चित कराने की रणनीति पर चर्चा, आंगनबाड़ी का प्राथमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय का निकटतम मध्य विद्यालय से मैपिंग करना, मध्य विद्यालय का निकटतम उच्च विद्यालय तथा उच्च विद्यालय से उच्चतर विद्यालय से मैपिंग करना एवं कक्षा 5 से 6, कक्षा 8 से 9 एवं कक्षा 10 से 11 में बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करने समेत कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया।

बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करेंः उपायुक्त

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य लक्ष्य 5-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों का विद्यालयीय शिक्षा पूर्ण कराना है और 5-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों की शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी बच्चों के नामांकन एवं ठहराव बनाने पर जोर दिया गया है। बच्चों के हित में सभी भागीदारों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उपायुक्त महोदया ने कहा कि 5-18 आयुवर्ग के सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, सुनिश्चित करेंगे। बच्चों का विद्यालय में ठहराव एवं नामांकन के लिए शिक्षकों को टोला टैगिंग कर नामांकन एवं उपस्थिति सुधारने का कार्य करेंगे। बच्चों को विद्यालय में वापस लाना एवं नियमित उपस्थिति बनाए रखना प्राथमिकता है। इस जिम्मेवारी को समुचित रूप से निभाने हेतु सामूहिक प्रयास यथा विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी, जन-प्रतिनिधि, शिक्षा से जुड़े कर्मी/अधिकारी अपनी भागीदारी अच्छे से निभाये और ये सुनिश्चित किया जाए कि एक भी बच्चा विद्यालय से बाहर न रहे तथा 5-18 आयुवर्ग के सभी बच्चे विद्यालय में नामांकित हों एवं अपनी माध्यमिक शिक्षा पूर्ण करें।

विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक करेंः उपायुक्त



उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिला शिक्षा पदाधिकारी/शिक्षा अधीक्षक और प्रखंड विकास पदाधिकारी को सभी विद्यालयों एवं आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यालय के हर गतिविधियों जायज लेने का निर्देश दिये। ड्रॉप आउट बच्चों को नामांकन के लिए प्रेरित करें। सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिये और शिक्षकों को स्कूल में पूरा समय देने को कहा। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक करने का निर्देश दिये। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में नामांकन कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

स्कूल रूआर 2025 का उद्देश्य आंगनबाड़ी से 5+ सभी बच्चों का प्राथमिक विद्यालय ने नामांकन सुनिश्चित करना, 5-18 आयुवर्ग के नामांकित सभी बच्चों का उपस्थिति सुनिश्चित करना, विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना, अप्रवासी, अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चे का नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करना, पिछले वर्षों में कक्षा 1 से 11 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगली कक्षाओं में शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति की पुष्टि करना, सभी बच्चों की उपस्थिति ई-विद्यावाहिनी में दर्ज कराना एवं नियमित अनुश्रवण करना और नव-नामांकित बच्चों का शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना है। ह्यस्कूल रूआर 2025 अभियान दिनांक 23.04.2025 से दिनांक 10.05.12025 तक संचालित किया जायेगा।

विद्यालय स्तर पर 16 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा

स्कूल रूआर 2025 अभियान पर विद्यालय स्तर पर 16 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति/शिक्षक/माता समिति की बैठक कर लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों को चिन्हित करना, आंगनबाड़ी से प्राथमिक विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना, पोषक क्षेत्र में अनामांकित/छीजित बच्चों को चिन्हित करना एवं उनके नामांकन के लिए अभिभावकों को प्रेरित करना, आंगनबाड़ी सेविकाओं से संपर्क कर प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का नामांकन कराना, विद्यालय प्रबंधन समिति/शिक्षक/बाल संसद की बैठक कर विद्यालय में उपस्थित नहीं होने वाले बच्चों को चिन्हित करना, बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी देने, ग्राम पंचायत समिति के प्रतिनिधि के साथ बैठक कर विद्यालय में उपस्थित बढ़ाने की रणनीति तैयार करने, विद्यालय से बाहर रहने वाले बच्चों के नामांकन की समीक्षा करना, अनामांकित बच्चों की सूची बनाकर उनके अभिभावकों से मिलकर नामांकन हेतु प्रोत्साहित करना समेत कई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की, जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बी.आर.पी/सी.आर.पी, गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि बैठक में मौजूद रहे।